CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 13 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 157 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 पेज 2



चोटिल वाशिंगटन सुंदर बाहर, आयुष बडोनी को वनडे टीम में बुलाया गया खेल टाइम्स



कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई सम्पादकीय



ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया पेज 12

# यूपी में 17 लापरवाह डाक्टर बर्खास्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कई पर हुई विभागीय कार्रवाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकारी अस्पतालों में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मरीजों को बेहतर इलाज और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसी क्रम में मरीजों के साथ अभद्रता करने वाले 4 चिकित्साधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के बाद भी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण न करने वाले डा. गजेंद्र सिंह के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीकेटी ट्रामा सेंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# इसरो का पीएसएलवी रॉकेट रास्ते से भटका

**उपग्रहों को निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने में रहा विफल प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62)**

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी62 (पीएसएलवी-सी62) सोमवार को देश के नवीनतम जासूसी सैटेलाइट 'अन्वेषा' (ईओएस-एन1) और उसके साथ भेजे गए अन्य उपग्रहों को उनकी तय कक्षाओं में स्थापित करने में विफल रहा।

इस उपग्रह अन्वेषा को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया था और इसके साथ कुछ अन्य भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी इस रॉकेट से भेजे गए थे।



इसरो अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट को तीसरे चरण के अंत में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। उन्होंने यहां मिशन कंट्रोल सेंटर से एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इसके बाद रॉकेट के उड़ान पथ में विचलन हुआ। उनके अनुसार, इसरो इसके डेटा का विश्लेषण करने के बाद ही सही जानकारी प्रदान करेगा।

## पोर्टेबल टैंक रोधी मिसाइल ने सफल उड़ान भरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम 'मैन पोर्टेबल' टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण रविवार को महाराष्ट्र की अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया।

परीक्षण डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने किया। देश में ही विकसित इस मिसाइल में अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है जिनमें इमेजिंग इंफ्रारेड (आईआईआर) होमिग सीकर, पूर्णत: विद्युत आधारित नियंत्रण एक्ट्यूएशन प्रणाली, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों का विकास डीआरडीओ की सहयोगी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है। मिसाइल का सीकर दिन और रात दोनों समय युद्ध संचालन में सक्षम है। इसका मुखास्त्र आधुनिक मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस हथियार प्रणाली के विकास एवं उत्पादन भागीदार हैं। इस मिसाइल को ट्राइपॉड या सैन्य वाहन लॉन्चर से प्रक्षेपित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, विकास एवं उत्पादन भागीदारों तथा उद्योग जगत को बधाई दी और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### केजीएमयू में धर्मांतरण मामले की जांच करेगी यूपी एसटीएफ

**लखनऊ।** लव जिहाद और धर्मांतरण के मामले में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का विवादों से पीछा नही छूट रहा है। डा. रमीज उद्दीन नायक की गिरफ्तारी के बाद सामने आ रहे उसके पीएफआई कनेक्शन के बाद मामले में आगे की जांच यूपी एसटीएफ ने अपने हाथ मे ले ली है। एसटीएफ पूरे मामले की जांच करने के साथ विवि परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों को भी खंगालेगी। प्रकरण को यूपी एसटीएफ द्वारा हाथ मे लिए जाने के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पीड़ित छात्रा के मामले की जांच के लिए गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को भंग कर दिया है। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि विवि की तरफ से धर्मांतरण सहित पूरे मामले की जांच के लिए एसटीएफ से अनुरोध किया गया था।

### ई-सिगरेट मामले में कार्रवाई की जाएगी : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में ई-सिगरेट के कथित उपयोग संबंधी शिकायत पर कहा है कि यदि यह आरोप सही है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री बिरला ने सोमवार को संसद भवन के एनेक्सी में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के बुधवार से यहां शुरू होने वाले 28वें सम्मेलन की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि संसद की कार्यवाही नियम और मर्यादा से चलती है।

### अगले स्तर तक ले जाएंगे भारत और अमेरिका साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत-मनोनीत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि यह रिश्ता साझा हितों के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर मजबूत संबंधों पर आधारित है और वह भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपने से पहले श्री गोर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंध वास्तविक हैं।

# केंद्र- ईसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट को कांग्रेस नेता ने दी चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**याचिका में दावा: ऐसी इम्युनिटी जजों को भी नहीं, सीजेआई बोले: जांच करेंगे**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है।

याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है। यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत 'अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।' 15 मार्च 2024 को ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। इसके -शेष पृष्ठ दो पर



### चुनाव आयुक्तों को आजीवन सुरक्षा, केंद्र जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) को उनके आधिकारिक कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (सुरक्षा) देने वाला प्रावधान संविधान की भावना के खिलाफ हो सकता है। लॉ ट्रेंड के मुताबिक, कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग (ईसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में न्यायिक जांच की जरूरत है। हम इस प्रावधान को विस्तार से देखना चाहते हैं। दरअसल, सीईसी और ईसी को इम्युनिटी देने के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि सीईसी और ईसी (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 जवाबदेही के संवैधानिक सि)ांत के खिलाफ है।

### आई-पीएसी छापेमारी विवाद: ईडी का ममता पर दखल का आरोप

**हमसे सबूत छीनकर ले गईं, मामले की सीबीआई जांच हो**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को ईडी ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी।

# उत्तराखंड में -16 डिग्री तापमान

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड, 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**दिल्ली में कोहरे से उड़ानें बाधित, हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही**

**मप्र-उप्र में घना कोहरा, राजस्थान में माइनस दो डिग्री**



**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। रविवार को राजस्थान के कई इलाकों में तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे चला गया। फतेहपुर में मिनिमम टेम्परेचर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस और नागौर में माइनस 1डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में पाइपलाइन का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम का तापमान -16 डिग्री सेल्सियस रहा। मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह रहा है। साथ ही घना कोहरा छा रहा है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में टेम्परेचर 4.1डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह 25 जिलों घना कोहरा छाया। यहां विजिबिलिटी 20 मीटर से कम रही। नोएडा में 15 जनवरी, गोरखपुर-आगरा में 13 और मेरठ में 12 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। गाजियाबाद में 5वीं तक स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। बिहार में 5 जिलों का मिनिमम टेम्परेचर 6 डिग्री सेल्सियस और 11 जिलों में 8 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के 24 जिलों में घने कोहरे और कोल्ड डे का ऑरेंज और 14 जिलों में येलो अलर्ट है। इधर, दिल्ली में इस मौसम में पहली बार पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आया नगर का टेम्परेचर 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पालम एयरपोर्ट पर 13 साल में सबसे कम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस रहा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड जारी है और कोहरे के कारण कई विमान उड़ानें बाधित रही । राजधानी की हवा की गुणवत्ता सोमवार सुबह भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 298 रहा। रविवार के यह 291 था।

# 'जन नायकन' की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**प्रोडक्शन हाउस ने की मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग**

**नई दिल्ली।** अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय की प्रथम पीठ ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्म को यू/ए प्रमाणपत्र देने का निर्देश देने वाले एकल पीठ के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद इसका प्रदर्शन अनिश्चित काल के लिए टल गया। तमिल फिल्म 'जन नायकन' को सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार प्रोडक्शन हाउस ने उच्चतम न्यायालय से इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की है।

# टी-20 विश्वकप कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव

**आईसीसी ने रुख साफ किया, जताया भारत में सुरक्षा का भरोसा, बीसीबी की मांग खारिज**

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 को लेकर चल रहे विवाद के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपना रुख साफ कर दिया है।

आईसीसी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पूरी तरह से अंतिम रूप ले चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे टर्म्स ऑफ पार्टिसिपेशन के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। आईसीसी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सुरक्षा आकलन और वैकल्पिक योजना को गलत तरीके से पेश किया गया है। आईसीसी के अनुसार भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप को लेकर स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया गया जोखिम आकलन लो से मॉडरेट श्रेणी में है, जो किसी भी बड़े वैश्विक खेल आयोजन के लिए सामान्य माना जाता है। इन आकलनों में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या कोलकाता और मुंबई के मैच स्थलों के लिए किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या विशेष खतरे की पहचान नहीं की गई है। आईसीसी ने खास तौर पर यह भी साफ किया कि कार्यक्रम को बदलने का कोई सवाल नहीं है। बयान में कहा गया कि आईसीसी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैच शेड्यूल को अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है और आईसीसी सभी प्रतिभागी टीमों से अपेक्षा करता है कि वे अपने दायित्वों को पूरा करें।

# उप्र में मकर संक्रान्ति पर 15 जनवरी को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सरकार ने अवकाशों की सूची में संशोधन किया**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में मकर संक्रान्ति को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन किया है।

सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक अब मकर संक्रांति का अवकाश 14 जनवरी के स्थान पर 15 जनवरी को रहेगा। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव के स्तर से जारी आदेश के अनुसार विज्ञप्ति संख्या- 671/तीन-2025-39(2)/2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी अवकाश सूची के प्रस्तर-2(11) में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था।

# खुदरा मुद्रास्फीति दिसम्बर में बढ़कर 1.33 प्रतिशत पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो



**फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में दहाई अंक में बड़ी गिरावट**

**नई दिल्ली।** सब्जियों और दालों के दाम एक साल पहले की तुलना में दहाई प्रतिशत में घटने से दिसम्बर 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर 1.33 प्रतिशत पर नरम बनी रही। इससे पहले, नवम्बर में खुदरा महंगाई 0.71 प्रतिशत और अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं, दिसम्बर 2024 में यह 8.39 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने शून्य से नीचे रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, फल, दूध, मांसाहार और खाद्य तेलों की कीमतों में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि के बावजूद सब्जियों और दालों की कीमतों में सालाना आधार पर दहाई अंक में बड़ी गिरावट के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर दिसम्बर में शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। नवम्बर में यह शून्य से 3.91 प्रतिशत नीचे थी जबकि दिसम्बर 2024 में 5.22 प्रतिशत ऊपर दर्ज की गई थी। खुदरा महंगाई पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सितम्बर में किए गए सुधारों का असर भी देखा जा रहा है। दिसम्बर में सालाना आधार पर सब्जियों के दाम 18.47 प्रतिशत और दालों तथा उनके उत्पादों के 15.09 प्रतिशत घट गए। मसालों के दाम में 2.15 प्रतिशत और अनाजों में 0.35 प्रतिशत की नरमी रही। तेल एवं वसायुक्त उत्पादों के दाम 6.75 प्रतिशत बढ़ गए। फलों की कीमतों में 6.66 फीसदी और मांस एवं मछलियों की कीमतों में 5.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसम्बर 2024 के मुकाबले दिसम्बर 2025 में अंडों के दाम 4.76 प्रतिशत और चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों के 4-66 प्रतिशत बढ़े। दूध तथा डेयरी उत्पादों के दाम 2.56 फीसदी बढ़े। जीएसटी सुधारों के कारण दिसम्बर में सिले-सिलाए वस्त्रों की महंगाई दर 1.68 फीसदी के निचले स्तर पर रही। वहीं, जूते-चप्पलों के दाम सालाना आधार पर 0.43 प्रतिशत घटे हैं। आवास वर्ग की महंगाई दर 2.86 प्रतिशत और ईंधन एवं बिजली वर्ग की 1.97 प्रतिशत दर्ज की गई। सोने-चांदी की महंगाई दर दिसम्बर में भी ऊंची बनी रही। एक साल पहले के मुकाबले चांदी 97.07 प्रतिशत और सोना 68.66 प्रतिशत महंगा हुआ है।

### मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के लिए 10 एकड़ ज़मीन दान की

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक एवं अभिनेता मीका सिंह ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर चल रही कानूनी बहस के बीच उच्चतम न्यायालय से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वह इन कुत्तों की देखभाल और कल्याण के लिए अपनी दस एकड़ ज़मीन दान करेंगे। मीका ने सोशल मीडिया एक्स पर शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे किसी भी कदम से बचा जाए, जिससे आवारा कुत्तों पर बुरा असर पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में कई वरिष्ठ आईएएस को मिली अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव स्तर पर प्रोन्नति की है। लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशीष गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर. रमेश कुमार और मुकेश मेश्राम को प्रमुख सचिव बनाए जाने के साथ ही अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रखा गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार में तैनात उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों भुवनेश कुमार, मृत्युंजय नारायण और संतोष यादव को भी प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह निर्णय अधिकारियों के अनुभव, वरिष्ठता और शासन में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रोन्नति मिलने से केंद्र में कार्यरत अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी वरिष्ठता सुरक्षित रहेगी, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिलेगा।

### बांदीपोरा में आग लगने से बीएसएफ जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आग लगने की घटना में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के मदार इलाके में बीएसएफ बैरक में रविवार रात करीब 2:30 बजे आग लग गई, जिससे लकड़ी का ढांचा पूरी तरह जल गया। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के जालंधर के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल रमेश कुमार घटना के समय बैरक के अंदर थे और खुद को बचा नहीं पाए। आग से जलने की वजह से उनकी मौत हो गई। शव को मेडिकल-लीगल औपचारिकताओं के लिए जिला अस्पताल बांदीपोरा ले जाया गया है।

### 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा

# योगी की पाती, लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सीएम ने लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की
- युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति, नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके। योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी घातक हो सकता है। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उनके प्रति विशेष सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेशवासी यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन कर उत्तर प्रदेश की सड़कों को सुगम, सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में सहभागी बनेंगे। वही राजधानी लखनऊ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'युवा प्रतिभा सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया।

### यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ-25 को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में यूपी पुलिस के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। 45 दिनों तक चले इस महापर्व के इस मॉडल को स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाकुम्भ-25 की तैयारियों को सामान्य 'इवेंट मैनेजमेंट' नहीं, बल्कि सिस्टम इंजीनियरिंग की तरह अंजाम दिया गया। इसकी शुरुआत 12 महीने पहले ही कर दी गई थी। भीड़-ओवरफ्लो जैसे हालातों के लिए पहले से टेबल-टॉप अभ्यास, परिदृश्य आधारित परीक्षण और डिजिटल सिमुलेशन के जरिए रणनीति तैयार की गई। आइसीसीसी चौबीसों घंटे सक्रिय रहा, जहां से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सुरक्षा, रेलवे-बस स्टैंड इनफ्लो अलर्ट तथा विभागों के बीच समन्वय एक ही स्क्रीन पर संभव हुआ।

# फिर बढ़ेगी सर्दी की मार, घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- उप्र में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों की तेज धूप के बाद एक बार फिर सर्दी अपना असर दिखाने जा रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गंभीर शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

मौसम में यह बदलाव सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण देखने को मिलेगा। बीते दिनों अधिकतम तापमान में हुई बढ़ोतरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से थी, जिसने अस्थाई रूप से शीतलहर को रोके रखा था, लेकिन अब उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज होने से ठंड में इजाफा होगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। लखनऊ में अधिकतम तापमान करीब 21 डिग्री और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। प्रदेश में वाराणसी (बीएचयू) में सबसे अधिक 24.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद गाजीपुर में 24 डिग्री, प्रयागराज में 23.8 डिग्री और बाराबंकी में 23.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीगढ़ में 5.8 डिग्री और बरेली में 5.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी लखनऊ में सोमवार से स्कूलों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने अनुकूल मौसम और घने कोहरे की आशंका न होने के चलते स्कूलों की छुट्टियां आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। आदेश के अनुसार सभी कक्षाओं के लिए स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। अभी तक कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं लग रही थीं, लेकिन 12 जनवरी से सभी कक्षाओं के लिए नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

# विवेक में आनंद तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा संदेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का 'विवेकानंद' नाम ही अपने आप में कालजई संदेश है। उन्होंने कहा कि 'विवेक' में 'आनंद' की अवस्था तक पहुंचना ही स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन का सार है और यही मनुष्य को आंतरिक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विवेक केवल बाहरी ज्ञान का विषय नहीं, बल्कि अंत:करण में जागृत होने वाली चेतना है। यह तभी संभव है, जब व्यक्ति किसी और के विचारों का मानसिक गुलाम न बने और अपने विवेक से सत्य-असत्य का निर्णय करे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश लोगों को स्वयं सोचने और समझने की प्रेरणा देता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे, छद्म गतिविधियों और शब्दों के मायाजाल के पीछे छिपे ढोंग, पाखंड, स्वार्थ और महाझूठ को पहचान सके। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की मानवता के प्रति सहृदयता और पूरे विश्व को भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# मेरठ में कपसाड़ की घटना पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

- योगी सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात का लगाया आरोप

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेंद्र गौतम ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि मेरठ के सरधना इलाके में एक लड़की के अपहरण और उसकी मां की बेरहमी से हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पक्षपात कर रही है।

गौतम ने यह भी आरोप लगाया कि जब कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने जा रहा था, तो उन्हें पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया। उन्होंने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि वह लड़की अपनी मां के साथ जंगल की ओर जा रही थी, तभी बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया और विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश पुलिस अपराधियों को रोकने और उन्हें सजा दिलाने में उतनी ही मुस्तैदी दिखाए जितनी वह विपक्षी नेताओं को रोकने में दिखाती है, तो प्रदेश में अपराध होने बंद हो जाएंगे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह संसाधनों का इस्तेमाल दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को कुचलने के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कथित 'बुलडोजर नीति' पर कड़ा प्रहार करते हुए गौतम ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर केवल जाति और धर्म देखकर चलाया जाता है।

### एनएसयूआई ने मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से जुडे संगठन 'नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया' (एनएसयूआई) ने वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्विविद्यालय (बीएचयू) में आयोजित मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस पर बर्बरता और बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसी दलित का उत्पीड़न होता है, तो प्रशासन शांत बैठ जाता है, लेकिन यदि अपराधी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का हो, तो 24 घंटे के भीतर उसके घर पर बुलडोजर चल जाता है।

### बर्ड हिट के कारण इंडिगो की विमान रात में वाराणसी डायवर्ट

**वाराणसी।** गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-437 रविवार रात पक्षी (बर्ड हिट) से टकराने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी में डायवर्ट कर दी गई। इस विमान में 216 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित उतारा गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान के अगले हिस्से में पक्षी टकराया, जिससे नोज सेक्शन को नुकसान पहुंचा। विमान की प्रारंभिक तकनीकी जांच में नोज सेक्शन में हल्की दरार मिली। पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क किया और सुरक्षा के मद्देनजर विमान को निकटतम हवाई अड्डे वाराणसी में सुरक्षित उतार लिया गया।



**सेंसेक्स** 84695.54
**निफ्टी** 25942.10



**सोना रु.** 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 302 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को उतार.चढ़ाव के बीच दोपहर बाद हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में दिन के दौरान 1,101 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह के कारोबार में यह नीचे 82,861.07 अंक तक उतर गया था, लेकिन दोपहर बाद हुई लिवाली से 83,962.33 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। अंत में पिछले दिवस की तुलना में 301.93 अंक (0.36 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत ऊपर 25,790.25 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक पिछले सप्ताह पांच दिन में करीब 2.5 प्रतिशत गिरे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत वृहत बाजार में गिरावट रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.52 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,891 के शेयरों में गिरावट और 1,247 में तेजी रही। अन्य 99 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद स्थिर बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, मीडिया, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयरों में तेजी और अन्य पांच में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.16 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस में भी 0.93 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 2.75 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.54 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 2.05 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.51 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.36 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.26 फीसदी चढ़ा। टीसीएस, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, सनफार्मा, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इटरनल के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

### बजट 2026-27 में होगी निवेश सुस्ती, बढ़ती असमानता जैसी बड़ी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी गंभीर समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के उपाय कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की 2026-27 के बजट में बड़ी चुनातियां होंगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान ने कहा कि संसद के बजट सत्र का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और 2026-27 का बजट करीब बीस दिन बाद पेश किया जाना है। यह बजट 16वें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों को भी प्रतिबिबित करेगा, जिसकी रिपोर्ट गत 17 नवम्बर को सौंपी गई थी। ये सिफ़ारिशें 2026-27 से 2031-32 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे तथा राज्यों के आपसी हिस्से से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और निवेश की सुस्ती, घरेलू बचत में गिरावट और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता जैसी बड़ी चुनौतियां सामने हैं और यदि इन मूलभूत समस्याओं से ठोस तरीके से नहीं निपटा गया, तो उच्च जीडीपी वृद्धि और बड़े स्तर पर रोजगार सृजन कठिन हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा से जुड़े नए कानून में 60 प्रतिशत 40 के फार्मूले पर भी चिंता जताई।

# कोरोना काल के बाद बैंकिंग क्षेत्र में तेज विस्तार: एसबीआई रिसर्च

नई दिल्ली, वार्ता

SBI

देश के बैंकिग क्षेत्र में कोरोना काल के बाद तेजी से सुधार देखने को मिला है और परिसंपत्तियों, जमा तथा ऋण में तीव्र विस्तार देखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक की अनुसंधान इकाई एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जमा की तुलना में ऋण देने की बढ़ती गति पूंजी की उपलब्धता और जोखिम संबंधी चिंताओं को भी बढ़ा रही है।

कई वर्षों की धीमी वृद्धि के बाद बैंकों की परिसंपत्तियों में भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 77 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग प्रणाली का आकार कई गुना बढ़ा है। कुल परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2004-05 में 23.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 312 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई हैं, जो आर्थिक विस्तार में बैंकों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। पिछले दो दशकों में जमा और ऋण में भी तेज वृद्धि हुई है। जमा 2004-05 में 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि ऋण इसी अवधि में 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये हो गए। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से ऋण वृद्धि ने जमा वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है, जिससे पूरे तंत्र का ऋण-जमा अनुपात 2020-21 में 69 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 79 प्रतिशत हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी में अब सुधार दिखने लगा है। बैलेंस शीट पर कई वर्षों के दबाव के बाद इन बैंकों ने ऋण उठाव में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करनी शुरू कर दी है, जो बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत पूंजी स्थिति और ऋण देने की नई इच्छा को दर्शाता है।

### राष्ट्र निर्माण विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं देश के युवा: प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि युवा लेखक राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माताओं जैसे विषयों पर पुस्तकें लिख रहे हैं। प्रधान ने आज यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में पीएम-युवा 3-0 (प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना) के तहत चयनित 43 युवा लेखकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर प्रधान ने युवा लेखकों को उनका चयन किए जाने पर बधाई दी और उन्हें सार्थक पुस्तकें लिखने के लिए मेंटरशिप अवधि का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो देश के युवाओं को पढ़ने, लिखने और ज्ञान के साथ गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...**

तैनात 4 चिकित्साधिकारियों से लापरवाही के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही काम में ढिलाई बरतने पर 3 चिकित्साधिकारियों को चेतावनी देने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कार्य में लापरवाही व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में 5 चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है और उनके खिलाफ परनिदा दंड भी लगाया गया है। इतना ही नहीं, क्रय नीति के विरुद्ध दवा खरीद के मामले में दोषी पाए गए 2 चिकित्साधिकारियों की पेंशन में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश भी दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केंद्र-ईसी...**

बाद 19 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए गए। सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। यह पैनल सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। केंद्र सरकारसीईसी और ईसी की नियुक्ति, सेवा, शर्तें और अवधि से जुड़ा नया बिल लेकर आई। इसके तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पैनल से सीजेआई को बाहर रखा गया। 21 दिसम्बर 2023 को शीतकालीन सत्र के दौरान यह बिल संसद के दोनों सदनों में पास हो गया। विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया।

# स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर देश भर में श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, वार्ता



उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरू और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर सोमवार को देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और जगह-जगह उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित गणमान्य हस्तियों ने देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में आध्यात्मिक चेतना और युवाओं को सामाजिक दायित्व की प्रेरणा देने में स्वामी विवेकानंद के महती योगदान को याद किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी विवेकानंद को एक ऐसा दूरदर्शी महापुरुष बताया, जिनके विचार आज भी मानवता को राह दिखाते हैं। राष्ट्रपति ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि मैं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं। उन्होंने एक्स पर अपने आधिकारिक पृष्ठ पर लिखा, स्वामी विवेकानंद (का जीवन और शिक्षाएं) एक कालातीत दूरदर्शी और आध्यात्मिक प्रतीक है, उन्होंने सिखाया कि आंतरिक शक्ति और मानवता की सेवा एक सार्थक जीवन की नींव हैं। उन्होंने भारत के शाश्वत ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि स्वामीजी ने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाई और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति आवास पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्वामी विवेकानंद की अमर विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि स्वामीजी के जीवन और शिक्षाओं में आंतरिक शक्ति, आत्म-अनुशासन और निस्वार्थ सेवा को सार्थक जीवन का स्तंभ दर्शाया और बताया गया है।

# राष्ट्र की सेवा में युवा अपने ज्ञान व कौशल को समर्पित करें: राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से बौद्धिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया है। राधाकृष्णन ने यहां सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने विवेकानंद की जयंती पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि उन्हें शिक्षा अर्जित करने के साथ चरित्र निर्माण के प्रति कुशाग्र होना चाहिए और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए खुद को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्षम बनाएगा। श्री राधाकृष्णन ने भारत की ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा पर प्रकाश डालते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षण केंद्रों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों और क्लासिक्स, उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक ने लगातार सीखने को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र को आकार देती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों को एक साथ विकसित होना चाहिए।

# युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी : सीएम

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कृत किया, एन.एस.एस. ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 02 लाख 24 हजार 320 का चेक सीएम को सौंपा**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कृत किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मंगल दलों को क्रमशः 01 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। महिला मंगल दल धापला, नैनीताल को प्रथम, महिला मंगल दल सेमा, चमोली को द्वितीय तथा महिला मंगल दल बनाली, टिहरी गढ़वाल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। जबकि युवक मंगल दल मोख मल्ला, चमोली को प्रथम, युवक मंगल दल सुंदरपुर रैक्वाल, नैनीताल को द्वितीय एवं युवक मंगल दल चौडीराय चम्पावत को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं एवं एन.एस.एस. अवार्ड विजेता युवाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 02 लाख 24 हजार 320 रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री धामी ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि विवेकानंद ऐसे युगद्रष्टा ऋषि थे, जिन्होंने परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े हुए राष्ट्र के भीतर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को पुनः प्रज्वलित किया। उनके द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन ने पश्चिमी जगत को न केवल भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया बल्कि सम्पूर्ण विश्व को यह संदेश भी दिया कि सनातन संस्कृति के ज्ञान, विवेक और मूल्यों में ही समस्त मानवता का कल्याण निहित है। उनका युवा शक्ति पर अटूट विश्वास था और वे युवाओं को राष्ट्र के पुनर्जागरण का सबसे सशक्त माध्यम मानते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक उसकी युवाशक्ति संगठित, आत्मनिर्भर और राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित न हो। युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है, जो अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की क्षमता रखती है। इस ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन से देश न केवल आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा, बल्कि पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित भी हो सकेगा।इस अवसर पर विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल डॉ. आशीष चौहान उपस्थित थे।

## युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार भी युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नई स्टार्टअप नीति के माध्यम से राज्य में स्टार्टअप कल्चर को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य विकास योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## कहा -हमें अपने युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। तकनीकी नवाचार और वैश्विक परिवर्तन के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और पुराने खत्म हो रहे हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सनातन संस्कृति, चेतना, दर्शन और आध्यात्म की भूमि रही है। स्वामी विवेकानंद ने उत्तराखंड की पावन भूमि के विभिन्न क्षेत्रों में भी तपस्या कर ज्ञान प्राप्त किया था। सरकार ने उन सभी स्थानों को चिन्हित कर राज्य में स्वामी विवेकानंद कॉरिडोर बनाने का फैसला लिया है।

## विवेकानंद की शिक्षा और राष्ट्रीयता की भावना हमेशा प्रेरित करती रहेगी : रेखा आर्या

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि स्वामी विवेकानंद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने विश्व में सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित की। उनकी द्वारा दी गई शिक्षा और राष्ट्रीयता की भावना हमेशा प्रेरित करती रहेगी। रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं।

## काशीपुर किसान आत्महत्या मामला

# सरकार का किसान-विरोधी चेहरा उजागर: आर्य




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के काशीपुर में एक युवा किसान की और से आत्महत्या किया जाना धामी सरकार की निर्दयी, संवेदनहीन और किसान-विरोधी व्यवस्था का सबसे भयावह प्रमाण है। यह केवल आत्महत्या नहीं है, बल्कि पुलिस-प्रशासन की प्रताड़ना और सत्ता के अहंकार द्वारा एक मजबूर किसान की हत्या है।

यह बात सोमवार को उत्तराखंड कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि कितना लाचार, मजबूर और बेबस रहा होगा वह जवान किसान, जिसके सामने पुलिस ने न्याय के सारे दरवाजे बंद कर दिए। कितना उत्पीड़न, कितनी प्रताड़ना और कितना मानसिक आतंक झेलना पड़ा होगा कि उसे अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी।आर्य ने कहा कि इस घटना से एक पूरा परिवार उजड़ गया, घर का चिराग बुझ गया, मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया और एक सुहागन की मांग उजड़ गई। यह सिर्फ एक किसान की मौत नहीं है, बल्कि धामी सरकार की अमानवीय नीतियों का परिणाम है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा केवल चौकी प्रभारी समेत कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर देना इस जघन्य अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश है। यह कार्रवाई पूरी तरह नाकाफी है।

## दोषी पुलिस कर्मियों पर भी हो मुकदमा

यशपाल आर्य ने कहा कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी पुलिस अधिकारियों पर हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज हो। मृतक किसान के परिवार को तत्काल 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। किसान उत्पीड़न में लिप्त अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए।आर्य ने कहा कि धामी सरकार में किसान सुरक्षित नहीं है, न्याय की कोई गारंटी नहीं है और पुलिस सत्ता के इशारों पर निर्दोषों को कुचलने का काम कर रही है।उत्तराखंड कांग्रेस इस किसान के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और दोषियों को बेनकाब कर के रहेगी। इस अवसर पर गरिमा मेहरा दसौनी व शीशपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने किया सूचना विभाग के प्रकाशित नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में सूचना विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2026 के आधिकारिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैलेंडर के आकर्षक स्वरूप, उत्कृष्ट मुद्रण गुणवत्ता एवं विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह कैलेंडर राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णयों को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की विकास यात्रा, प्रशासनिक प्रतिबद्धता एवं जनसेवा के संकल्प को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कैलेंडर के माध्यम से राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को एक सुसंगठित एवं रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो आमजन के लिए जानकारीपूर्ण एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग की टीम को इस उत्कृष्ट प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विभाग ने सदैव सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाई है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी सूचना विभाग नवीन तकनीकों, रचनात्मक सोच और नवाचार के साथ जनहितकारी सूचनाओं का व्यापक एवं प्रभावी प्रसार करता रहेगा, ताकि सरकार की योजनाओं और नीतियों की सही जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस अवसर पर अपर सचिव सूचना बंशीधर तिवारी, उपनिदेशक सूचना मनोज श्रीवास्तव एवं उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह उपस्थित रहे ।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ:जोशी

**कैबिनेट मंत्री ने बुरांसखंडा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविर का किया शुभारंभ, कई शिकायतों का मौके पर ही किया निराकरण, लाभार्थियों को वितरित किए गए योजनाओं के लाभ ,अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बुरांसखंडा में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार, प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का




शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने शिविर में 29 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया।

शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने महिला कल्याण विभाग के लाभार्थियों को महालक्ष्मी योजना एवं किशोरी किट प्रदान की, जबकि उद्यान विभाग के लाभार्थियों को निःशुल्क बीज वितरित किए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने शिविर में 48 शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जिसमें 17 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निर्देश दिए गए। इस दौरान शिविर में कुछ विभागों के सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कैबिनेट मंत्री ने एसडीएम को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। जोशी ने कहा कि क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के कारण कुछ मामलों के समाधान में दिक्कतें सामने आईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 16 जनवरी को सुवाखोली में भी बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक आमजन को इसका लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार "जनता की सरकार, जनता के द्वार" के संकल्प को साकार करते हुए न्याय पंचायत स्तर पर सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने चलचला गांव में ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन तथा बुरांसखंडा में उद्यान विभाग के सचल दल केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की।

जोशी ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान शासन-प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का कार्य कर रहा है और यह कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, संवेदनशीलता और त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति योजनाओं और सेवाओं से वंचित न रहे तथा जनता के विश्वास के साथ सेवा, सुशासन और विकास का कार्य निरंतर किए जा रहे है।।

इस अवसर पर राज्यमंत्री देवेंद्र भसीन, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, एसडीएम राहुल आनन्द, ग्राम प्रधान ऊषा देवी, अनुज कौशल, सुंदर सिंह पयाल, पूरण कोहली, ब्रह्म दत्त जोशी, मोहन सिंह नेगी, राम सिंह, गोविंद सिंह राणा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# युवाओं को स्वस्थ एवं संतुलित आहार को प्रेरित करेगा हैकाथॉन:डॉ.रावत

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026 का शुभारम्भ कहा, हैकाथॉन में सुरक्षित आहार के नवाचारी आइडिया देंगे युवा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/मुम्बई।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सुरक्षित, स्वस्थ एवं टिकाऊ खान-पान प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के पहले 'ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026' का शुभारंभ किया। डॉ. रावत ने मुंबई से वेबिनार के माध्यम से हैकाथॉन का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के युवा सुरक्षित एवं संतुलित आहार को लेकर अपने-अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करेंगे। हैकाथॉन के शुभारंभ के साथ ही प्रतिभागियों के लिए एप्लीकेशन विंडो भी खोल दी गई है।

वेबिनार को सम्बोधित करते हुये उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'फिट इंडिया' और 'ईट राइट इंडिया' जैसे राष्ट्रीय अभियान स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे रहे हैं।

इसी क्रम में नूट्रिशन कनेक्ट, जीएआईएन इंडिया, एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के सहयोग से प्रदेश सभी राजकीय एवं निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में 'ईट राइट यूथ हैकाथॉन' का आयोजन सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं पोषण जैसे ज्वलंत विषयों पर हैकाथॉन आयोजित करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। यह राज्यव्यापी नवाचार आधारित प्रतियोगिता युवाओं को सुरक्षित भोजन, पोषण, फूड वेस्टेज, पारंपरिक एवं टिकाऊ कृषि से जुड़ी चुनौतियों पर नवाचारी एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में राज्य की सर्वश्रेष्ठ 5 टीमों का चयन किया जाएगा।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रो. ए.एस. उनियाल ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालाओ, मेडिकल कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं से इस महत्त्वपूर्ण पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने संस्थान स्तर पर योग्य छात्र टीमों के चयन तथा उन्हें हैकाथॉन के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया। प्रो. उनियाल ने बताया की प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ 5 टीमों को क्रमशः 1.5 लाख, 1 लाख, 75 हजार तथा 50-50 हजार (दो पुरस्कार) की नकद धनराशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

एफडीए, उत्तराखंड के उपायुक्त गणेश कंडवाल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रदेश में खाद्य सुरक्षा को सुदृढ करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा ईंट राइट कैंपस, ईंट राइट स्कूल, ईट राइट स्टेशन तथा फोस्टैक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम निरंतर संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक होने का अह्वान किया।

वेबीनार में अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठन गेन इंडिया की कन्ट्री डायरेक्टर डॉ. भुवनेश्वरी बालसुब्रमण्यम ने भारत में चलाये जा रहे कार्यक्रमों, विशेष कर उत्तराखंड में संचालित फूड फॉर्टफिकैशन के बारे में विस्तार से बताया। जबकि न्यूट्रिशन कनेक्ट की ग्लोबल प्रोजेक्ट मैनेजर देवजानी समांतरी ने भारत सहित अन्य देशों में संचालित नवाचारी प्रतियोगिताओं के अनुभव साझा किये

। इस अवसर पर गेन इंडिया की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विजेता सिंघारी एवं सीनियर कन्सल्टेंट जे.सी. पाण्डे ने हैकाथॉन में भाग लेने की प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

वेबिनार में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. वी.एन. खाली, संयुक्त निदेशक प्रो. ए.एस. उनियाल, तथा एफडीए के उप आयुक्त श्री गणेश कंडवाल उपस्थित रहे, साथ ही राज्य के 300 से अधिक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों एवं तकनीकी संस्थानों के कुलसचिव, निदेशक, प्राचार्य एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# प्रदेश में नारियल, औषधीय एवं सुगंधित पौधें के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके शासकीय आवास पर गोवा की तेल एवं फूड उत्पाद निर्माता एक निजी कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर अन्नु त्रिपाठी ने मुलाकात की।

इस दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने कृषिमंत्री को अवगत कराया कि गोवा स्थित उनकी कंपनी द्वारा मुख्य रूप से नारियल तथा अन्य वनस्पति तेलों का उत्पादन किया जाता है औरष्ओल्ड गोवा ऑइल्स ष ब्रांड के अंतर्गत शुद्ध, प्राकृतिक तेल एवं उनसे निर्मित स्वास्थ्य-वेलनेस उत्पाद बाजार में उपलब्ध कराए जाते हैं। ये उत्पाद त्वचा, बालों एवं स्वास्थ्य देखभाल में दैनिक उपयोग के लिए व्यापक रूप से प्रयोग किए जाते हैं।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में नारियल, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने उपस्थित कैप निदेशक को निर्देशित किया कि ऐसी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। विभागीय मंत्री जोशी ने विशेष रूप से कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग, मूल्य संवर्धन, प्रोसेसिंग एवं विपणन के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# दून व रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज को मिले एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सक

**मेडिकल कॉलेजों में शत प्रतिशत होगी संकाय सदस्यों की नियुक्ति, कॉलेजों में शैक्षिक, शोध व क्लीनिकल गुणवत्ता में होगा सुधार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज व पं0 रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में विभिन्न संकायों में एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्तिय से मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्यों की कमी दूर होगी साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण मिलेगा। इसके साथ ही कॉलेजों में शोधात्मक कार्यों को भी बढ़ावा मिलेगा और सम्बद्ध चिकित्सालयों में मरीजों को और बेहतर उपचार मिल सकेगा।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेशभर के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में राज्य सरकार द्वारा निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है, ताकि मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को उच्च स्तरीय पढ़ाई के साथ बेहतर प्रशिक्षण दिया जा सके। जिसके लिये सरकार ने हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक साक्षात्कार समिति का गठन किया है, जो वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर रही है। इसी क्रम में चयन समिति ने एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया है।



जिनकी नियुक्ति की मंजूरी राज्य सरकार ने दे दी है। जिनमें से 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज तथा 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों को रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति दी गई है। साक्षात्कार समिति द्वारा दून मेडिकल कॉलेज में रेडियो डायग्नोसिस विभाग में प्रोफेसर पद पर डॉ. ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी का चयन किया है, जबकि माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डॉ.

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज व रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में एक दर्जन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। संकाय सदस्यों की नियुक्ति न केवल चिकित्सा छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षण प्राप्त होगा बल्कि कॉलेजों में रिसर्च और क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। - **डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार।**

मनीष कुमार, बल्ड बैंक में डॉ. सनोबर शमीम, आर्थोपीडिक्स में डॉ. मयंक सिंघल, एन्टीनेटल चाइल्ड केयर में डॉ. सारा गुलेरिया, मेटरनिटी चाइल्ड हैल्थ केयर में डॉ. रूचि कर्नाटक, एनेस्थिसिया में डॉ. पूजा सांगोले व डॉ. इशिता बहुखण्डी का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। इसी प्रकार रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज में आब्स एंड गायनी विभाग में डा. प्रेरणा छाबड़ा, ईएनटी में डॉ. ललित सिंह पोखरिया, माइक्रोबायोलॉजी में डॉ. मयूरी श्रीवास्तव तथा स्किन रोग विभाग में डॉ. चिराग सैनी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन किया गया है। इन सभी चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति संविदा के माध्यम से आगामी तीन वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो के लिये की गई है। चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों सहित शोध व क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। जिसका लाभ कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलेगा साथ ही अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार भी मिल सकेगा।

# बड़कोट-चिन्याली मे शीघ्र शुरू होगी हेली सेवा, उत्तरकाशी-चंडीगढ़ चलेगी नियमित बस

**सीएम ने उडडयन और परिवहन सचिव को दिये निर्देश**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून /उत्तरकाशी।** जनपद उतरकाशी के बड़कोट तथा चिन्यालीसौड मे शीघ्र हेली सेवा शुरू होगी। इसके अलावा उत्तरकाशी चिन्यालीसौड होते हुए चंडीगढ़ के लिए नियमित रोडवेज की बस का संचालन होगा। सीएम ने भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिये गए ज्ञापन के बाद संबंधित अधिकारियों को दोनों ही बिंदुओं पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये।भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बड़कोट हेलीपैड के चहारदीवारी एवं सड़क डामरीकरण के लिए 188 लाख 54 हजार रुपये स्वीकृत करने के लिए आभार जताया । हेली सेवाओं के संचालन से क्षेत्र मे पर्यटन गतिविधियों मे इजाफे के साथ ही किसी आपदा, मरीजों के इमरजेंसी शिफ्टिंग मे सहूलियत होगीचौहान ने कहा कि उत्तरकाशी विकास परिषद तथा स्थानीय लोगों की मांग रही है कि उत्तरकाशी से चण्डीगढ़ आने-जाने हेतु अभी तक कोई भी रोडवेज बस संचालित न होने के कारण पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को चण्डीगढ़ आने-जाने हेतु कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी से चिन्यालीसौड होते हुये चंडीगढ़ के लिए रोडवेज बस का संचालन किया जाये जिससे हमारे पहाड़ी क्षेत्र के लोगों एवं क्षेत्रवासियों के आवागमन व पी.जी.आई. चण्डीगढ़ इलाज के लिए जाने वाले सैकड़ों लोगों को भी इस बस संचालन से सुविधा प्राप्त होगी। इस रोडवेज बस के संचालन से चण्डीगढ़ से उत्तरकाशी आने-जाने में असानी होगी व यह रिवर्स पलायन का भी कारण बनेगा।चौहान ने कहा सीएम ने इन बिंदुओं पर गंभीरता से कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोडवेज बस के संचालन से प्रवासी भी आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। उन्होंने इन मांगो पर गंभीरता के लिए सीएम पुष्कर धामी का आभार जताया।

# टिहरी अब बनेगी ट्रेकिंग डेस्टिनेशन



## सीडीओ ने 48 शिकायतों पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान कुल 48 शिकायतें और आवेदन पत्र दर्ज किए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन और मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि शिकायतों को बेवजह लंबित न रखा जाए। साथ ही, जिला योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि यदि विभाग धनराशि खर्च करने में असमर्थ हैं, तो वे बजट शीघ्र सरेंडर करें, अन्यथा तय समय सीमा के भीतर विकास कार्यों में तेजी लाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करें।

टिहरी जनपद को पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रशासन ने एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि टिहरी को ट्रेक डेस्टिनेशन के रूप में विकसित कर इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी। इसके लिए एक जिला स्तरीय पर्यटन टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। योजना के प्रथम चरण में जाखणीधार ब्लॉक के थात (खेट पर्वत ट्रेक रूट), चंबा ब्लॉक का सौड़ और जौनपुर का सेंदुल (नागटिब्बा ट्रेकिंग रूट) को चिह्नित किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य इन रूट्स को विकसित कर पर्यटकों को आकर्षित करना है। इसके अतिरिक्त, जिले के अन्य संभावित ट्रेकिंग रूट्स को खोजने और उन्हें पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम स्तर पर बैठकें आयोजित कर नए गांवों और रूट्स का प्रस्ताव तैयार करें, ताकि शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके। प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता पर भी प्रशासन ने अपना फोकस बढ़ाया है। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के समानांतर अब मिशन-शक्ति-सम्बल-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को भी व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाएगा और लोगों से बाल विवाह न करने के शपथ पत्र भरवाए जाएंगे। इसी कड़ी में मंगलवार को कीर्तिनगर और देवप्रयाग में जागरूकता कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। जनता दरबार में स्थानीय समस्याओं का अंबार लगा रहा, जिनमें सड़क, पानी और मुआवजे के मुद्दे प्रमुख रहे। नागदेव पथल्ड से स्वाड़ी चलिखाल बाड़ियों मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार आवाज उठाई, जिस पर एसडीएम टिहरी और लोनिवि चंबा के अधिशासी अभियंता को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा गया। वहीं, ग्राम प्रधान गवाणा सीता देवी ने गांव के जर्जर पुल की मरम्मत या नवनिर्माण की गुहार लगाई, जिस पर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सड़क निर्माण भूमि का मुआवजा, मृत्यु प्रमाण पत्र, जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु घेरबाड़, पीएम आवास, बीएसएनएल टावर और लंबित देयकों के भुगतान जैसे मामलों पर भी सुनवाई हुई। बैठक में एडीएम अवधेश कुमार सिंह, आईएएस प्रशिक्षु स्नेहिल कुंवर, सीएमओ श्याम विजय, डीडीओ मो. असलम और एसडीएम टिहरी संदीप कुमार सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टिहरी के रामकृष्ण डबराल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के लिए गौरव के क्षण तब आए जब चोपड़ियाल गांव के निवासी और प्रगतिशील किसान रामकृष्ण डबराल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (एटारी) जोन-प्रथम लुधियाना ने अपने स्थापना दिवस-2026 के भव्य समारोह में उन्हें हनवाचारी किसान पुरस्कार से नवाजा है। यह सम्मान उन्हें पर्वतीय क्षेत्रों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि तकनीकों के सफल प्रयोग, खेती में नवाचारों को अपनाने और सतत कृषि विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। अधिकारियों ने इसे वैज्ञानिकों और किसानों के बीच बेहतर समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। इस उपलब्धि के पीछे कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) टिहरी के वैज्ञानिकों के निरंतर मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। प्रभारी अधिकारी आलोक येवले और विषय-वस्तु विशेषज्ञ (फूड टेक्नोलॉजी/गृह विज्ञान) कीर्ति कुमारी ने रामकृष्ण को होम-स्टे और कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उत्पादों के मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) की बारीकियां सिखाईं। वैज्ञानिकों ने समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, फ्रटलाइन डेमोंस्ट्रेशन और आवश्यकता आधारित सलाह के जरिए डबराल को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया, जिससे वे परंपरागत खेती से हटकर आधुनिक और लाभकारी खेती की ओर अग्रसर हो सके। रामकृष्ण डबराल को यह विरासत उनके पिता और क्षेत्र के प्रेरणास्रोत रहे प्रगतिशील किसान स्वर्गीय मंगलानंद डबराल से मिली है। केवीके और रानीचौरी परिसर के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में उनके पिता ने ही क्षेत्र में सबसे पहले कीवी, सेब, प्लम, खुमानी और बेमौसमी सब्जियों की खेती की शुरुआत की थी।

# प्रतापनगर के ग्रामीणों का दर्द आधार और श्रम कार्ड के लिए मुख्यालय की दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** डिजिटल इंडिया के दौर में भी प्रतापनगर क्षेत्र की जनता आधार कार्ड और श्रम कार्ड जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी संघर्ष करने को मजबूर है। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में इन सुविधाओं के अभाव के चलते आम जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी समस्या के समाधान और स्थानीय स्तर पर सुविधाएं बहाल करने की मांग को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों ने आवाज बुलंद की है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आधार कार्ड और श्रम कार्ड बनाने की सेवाएं स्थानीय कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएचसी) के माध्यम से शीघ्र शुरू की जाएं, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक भागदौड़ और आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। मौजूदा स्थिति यह है कि प्रतापनगर के दूरस्थ गांवों जैसे कोढदी, सिलारी, सौंदी, मुखेम और दीनगांव से ग्रामीणों को केवल एक श्रम कार्ड या आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबा सफर तय कर जिला मुख्यालय नई टिहरी आना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद भी लोगों की मुश्किलें कम नहीं होतीं। वहां अत्यधिक भीड़ होने के कारण ग्रामीणों को सुबह 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। कई बार तो पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी उनका काम नहीं हो पाता और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है, जिससे न केवल उनका समय बर्बाद होता है बल्कि उन्हें भारी मानसिक और शारीरिक फजीहत भी झेलनी पड़ती है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र डिमरी, पूर्व प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली और व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष युद्धवीर राणा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से सीएचसी सेंटरों पर ये सेवाएं शुरू करने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्यवाही न होने से जनता में रोष है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सीएचसी सेंटरों के माध्यम से आधार और श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो जनता को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## नाटक के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**श्रीनगर।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज श्रीनगर ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद श्रीनगर के मुख्य मार्गों पर युवा ऊर्जा पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमपी उनियाल ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से संस्कारवान बनने की सीख दी। नाटक में सानिया, अंशिका, कुमुद, रिजा, तनु ने बहतरीन अभिनय का परिचय दिया। मौके पर विजयलक्ष्मी, विजयमोहन उनियाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सरिता उनियाल आदि मौजूद थे।

## नकोट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होने की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र के धौलकंडी (नकोट) में प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उप-स्टेशन के निर्माण को लेकर उम्मीदें मजबूत हुई हैं। उप-स्टेशन की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि हस्तांतरण को उत्तराखंड शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब भूमि हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की संभावना है। वर्तमान में श्रीनगर विद्युत स्टेशन से ही नकोट, बिल्केदार, धौलकंडी सहित आसपास के कई गांवों को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। करीब 60 किलोमीटर से अधिक लंबी विद्युत लाइनों के माध्यम से एक बड़े क्षेत्र को बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में मानसून के दौरान लाइन या पोल क्षतिग्रस्त होने पर लंबे समय तक बिजली गुल रहने की समस्या बनी रहती है। वहीं गर्मियों के मौसम में एक ही फीडर पर अधिक भार पड़ने से भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है। क्षेत्र में लंबे समय से एक अतिरिक्त विद्युत उप-स्टेशन की मांग की जा रही थी। नगर निगम वार्ड संख्या-40 के पार्षद संदीप रावत ने बताया कि विद्युत एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर धौलकंडी क्षेत्र में केसरहित भूमि पर उप-स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। शासनादेश के अनुसार ग्राम नकोट, पट्टी रावतस्यूं में 0.200 हेक्टेयर भूमि 33/11 केवी विद्युत उप-स्टेशन की स्थापना हेतु उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड को हस्तांतरित की जाएगी, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होने की उम्मीद है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान

### श्रीदेव सुमन विवि में रिया और खुशी ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देशभर में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के बीसीए विभाग में बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए गए इस पर्व पर विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल और व्यक्तित्व विकास को निखारने के उद्देश्य से क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी तार्किक क्षमता और वाकपटुता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह से विवेकानंद के विचारों और युवा ऊर्जा से सराबोर रहा। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित होने पर छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। बौद्धिक क्षमता की परीक्षा लेती क्विज प्रतियोगिता में रिया ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शालिनी भट्ट ने द्वितीय और अर्पिता रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा सिद्ध की। वहीं, विचारों की अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम भाषण प्रतियोगिता में खुशी शर्मा ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से निर्णायकों का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में आंचल पुंडीर दूसरे और शालिनी भट्ट तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के सबसे सशक्त और प्रासंगिक स्रोत हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास, अनुशासन, निरंतर परिश्रम और चरित्र निर्माण को अपने जीवन का आधार बनाएं, क्योंकि युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र और समाज के उज्ज्वल भविष्य की वास्तविक आधारशिला होती है। इस अवसर पर बीसीए विभाग के संकाय सदस्य संजय तिवारी, राहुल सुयाल और यतिन आर्य सहित अन्य शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन दर्शन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

# सर्वाइकल कैंसर से जंग की तैयारी

### पांच हजार से अधिक किशोरियों को लगेगा सुरक्षा कवच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बेटियों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसे घातक रोगों से बचाने के लिए टिहरी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसी उद्देश्य को लेकर जिला सभागार नई टिहरी में एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) वैक्सीन प्रतिरक्षण अभियान के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में अभियान की रूपरेखा, माइक्रो प्लान और विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि जनपद की लक्षित किशोरियों को शत-प्रतिशत टीकाकरण का लाभ दिया जा सके।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्याम विजय ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह वैक्सीन ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है, जो महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण माना जाता है। उन्होंने अभियान के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत विशेष रूप से 14 वर्ष की किशोरियों का टीकाकरण किया जाना है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, जनपद की कुल जनसंख्या का लगभग एक प्रतिशत यानी 5,387 किशोरियां इस आयु वर्ग में आती हैं, जिन्हें इस अभियान के तहत टीका लगाया जाएगा। यह एक बार लगने वाला टीका है, जो जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की लॉन्चिंग आगामी 26 जनवरी को प्रस्तावित है। टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तर पर तीन माह का माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है और एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना भी कर दी गई है। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड में 11 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारियों (एमओआईसी) को वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। सीएमओ ने बताया कि यह केवल एक बार का अभियान नहीं है, बल्कि जैसे-जैसे किशोरियां 14 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगी, यह टीकाकरण एक नियमित प्रक्रिया के तहत जारी रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने अभियान की सफलता के लिए अंतर-विभागीय समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पात्र छात्राओं की सूची तत्काल उपलब्ध कराएं और आगामी पैरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) में अभिभावकों को इस वैक्सीन के फायदों के बारे में जागरूक करें। इसके अलावा बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से और पंचायती राज विभाग को ग्राम प्रधानों व पंचायत सदस्यों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूचना विभाग को भी विभिन्न मीडिया माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी एमओआईसी को निर्देश दिए गए हैं कि वैक्सीन लगने के बाद किशोरियों के परिजनों का संपर्क नंबर सुरक्षित रखें और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। बैठक में डीडीओ मो. असलम, डीपीओ संजय गौरव, डीईओ माध्यमिक वी के सिंह सहित सभी एमओआईसी और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौटियाल का चयन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पहलवान मोहित कुमार नौटियाल ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता-2026 के 61 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। गढ़वाल विवि के उप खेल निदेशक डा. मोहित सिंह बिष्ट ने बताया कि गढ़वाल विवि के सबंद्ध बीएसएम रुड़की संस्थान के प्रतिभाशाली पहलवान मोहित ने इससे पहले राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भी अपना लोहा मनवाते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं ने लगाई दौड़

### नई टिहरी में गूंजा स्वदेशी संकल्प का नारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** युवाओं के प्रेरणास्रोत और भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक स्वामी विवेकानंद की जयंती को समूचे जनपद में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा युवाओं में जोश भरने और उन्हें स्वदेशी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ डाइजर से शुरू होकर नई टिहरी के हनुमान चौक पर संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग कर अपनी ऊर्जा का प्रदर्शन किया। दौड़ का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत और ओबीसी आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में धीरज तड़ियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीयूष तड़ियाल दूसरे और नवराज तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं की इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। दौड़ के समापन के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके विचारों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत और आयोग अध्यक्ष संजय नेगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए एक प्रकाश स्तंभ की तरह है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे स्वामी जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए स्वामी विवेकानंद के उस मंत्र को याद दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है और उन्हें स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेकर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना होगा। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में महामंत्री विनीत उनियाल, जिला महामंत्री बलवंत रावत, विजय कठैत, सुमित रावत, दीपेंद्र रावत, आलोक जुयाल, जयेंद्र पंवार, रोबिन राणा, शुभम नेगी, आदर्श, युवराज शाह और असगर अली सहित बड़ी संख्या में युवा शक्ति उपस्थित रही। सभी ने एक स्वर में स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## इंडियन आइडल के सितारों ने मचाया खूब धमाल

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रनाथ महोत्सव में सोमवार को दोपहर में विभिन्न महिला कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही नवाकुंर ग्रुप द्वारा कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। महिला कीर्तन मंडलियों ने नंदा देवी से लेकर उत्तराखंड के कई प्रसंगों पर अपने गीतों के माध्यम से नृत्य कर दर्शकों को आनंदित किया। सांयकालीन संख्या में बालीवुड के सितारे रहे। इंडियन आइडल के सितारों ने खूब धमाल मचाया। रियान चौधरी, रिवांस मोली, कीर्ति उपाध्याय के गीतों पर दर्शकों ने खूब आनंद लिया। नृत्य किया जबकि हास्य कलाकार राजीव मलहोत्रा के हास्य कला से दर्शक लोट पोट हुए। उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पहले बीती रात को युवा गायिका प्रियंका ने तो कमाल कर दिया। मंच पर पहली प्रस्तुति के बाद निरंतर दर्शकों की डिमांड पर गीत प्रस्तुत करती रही। इस दौरान मेला समिति ने प्रियंका महर सहित इंडियन आइडल के सभी कलाकारों का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, शॉल ओढ़कर सम्मान किया।

# अंबेडकर पार्क में गूंजे सरकार विरोधी नारे

### वीबीजीरामजी के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर उसे हविकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के रूप में लागू करने के केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। इस फैसले को गरीबों और मजदूरों के हितों पर कुठाराघात बताते हुए प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने अपना यह जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। पार्टी ने ऐलान किया है कि इस मुद्दे को लेकर आगामी डेढ़ महीने तक ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जाएगा।

धरने को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए एक कानूनी रोजगार गारंटी अधिनियम था, जो हर हाथ को काम और काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का अधिकार देता था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार नई वीबीजीरामजी योजना के जरिए रोजगार की इस कानूनी गारंटी को समाप्त करने की साजिश रच रही है, जो सीधे तौर पर गरीबों, श्रमिकों और ग्रामीण महिलाओं के अधिकारों पर हमला है।

कांग्रेस का तर्क है कि पुरानी व्यवस्था में 100 दिन के रोजगार की सुनिश्चितता थी, जबकि नई योजना में ऐसी कोई बाध्यता नहीं रखी गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना उनका अपमान है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय लागू मनरेगा में केंद्र और राज्य का वित्तपोषण अनुपात 90-10 था और प्रक्रिया बेहद सरल थी। इसके विपरीत, भाजपा सरकार ने इसे जटिल बना दिया है।

कांग्रेस नेताओं ने नई योजना की खामियां गिनाते हुए कहा कि इसमें मजदूरी दरों में असमानता है, भुगतान की व्यवस्था अनिश्चित है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाले सोशल ऑडिट को भी समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायतों की भूमिका को सीमित कर दिया गया है, जिससे उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में रोजगार का संकट गहराएगा और पलायन की गति और तेज होगी। धरने में कांग्रेस प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय गुनसोला, पूर्व दर्जाधारी प्रवीण भंडारी, नरेंद्र चंद रमोला और महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशा रावत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले अभियुक्तों के क्रियाकलापों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु ऐसे अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोले जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में थाना सहसपुर क्षेत्रान्तर्गत लम्बे समय से गौकशी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 2 अभियुक्तों मुशर्रफ उर्फ काला पुत्र अख्तर तथा सादिक पुत्र जब्बार के विरुद्ध थाना सहसपुर पर हिस्ट्रीशीट खोली गयी। पुलिस टीम द्वारा लगातार दोनो अभियुक्तों के क्रियाकलापों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

# आजादी के 78 साल बाद भी सड़क से महरूम स्वाड़ी गांव

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी, जनता दरबार में गूंजी सड़क की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देश की आजादी के 78 वर्ष बीत जाने और विकास के तमाम दावों के बावजूद टिहरी जनपद के विकासखंड चंबा स्थित ग्राम पंचायत स्वाड़ी आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है। सड़क की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न होने से ग्रामीणों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में ग्राम प्रधान संतोषी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और जल्द से जल्द सड़क निर्माण शुरू करवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग की अनदेखी की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत स्वाड़ी का चलिखाल क्षेत्र आज भी मुख्य धारा से कटा हुआ है। यहां प्रस्तावित नागदेव-पथल्ड-चलिखाल मोटर मार्ग का निर्माण केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि हरिजन बस्ती और पूरे गांव के सामाजिक उत्थान, सुरक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। सड़क के अभाव में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को उठानी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को डोली या कुर्सी के सहारे मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है, जिससे कई बार उनकी जान पर बन आती है। सुविधाओं के अभाव में गांव का जीवन स्तर लगातार गिरता जा रहा है। ग्राम प्रधान संतोषी देवी ने बताया कि यह मोटर मार्ग ग्राम पंचायत के बहुमत की सहमति से प्रस्तावित किया गया था, ताकि सबका विकास हो सके। लेकिन दुर्भाग्यवश, कुछ लोगों द्वारा निजी स्वार्थ और संकीर्ण मानसिकता के चलते इस पर बेबुनियाद आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। इन आपत्तियों के कारण वर्षों से यह महत्वपूर्ण परियोजना अधर में लटकी हुई है, जिसका खामियाजा गांव के गरीब और वंचित वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यह किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों का मामला है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जनविरोधी और निराधार आपत्तियों को तत्काल खारिज कर सड़क का कटान कार्य शुरू कराया जाए, अन्यथा ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# सिटी फॉरेस्ट पार्क में सुरक्षा, सुविधा और संरक्षण पर एमडीडीए का फोकस : तिवारी

■ सिटी फॉरेस्ट पार्क को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पर्यावरणख्रअनुकूल बनाने की दिशा में एमडीडीए का बड़ा कदम, उपाध्यक्ष बंशीधर बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में लिए गए अहम फैसले, समीक्षा बैठक में सीसीटीवी और कर्मचारियों की व्यवस्था पर जोर, पार्क प्रबंधन को लेकर तय हुई स्पष्ट ार्ययोजना, कर्मचारियों की पहचान और उपस्थिति व्यवस्था होगी सुदृढ़



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सिटी फॉरेस्ट पार्क के बेहतर प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कीमत है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 12 जनवरी 2026 को सिटी फॉरेस्ट पार्क परिसर में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्क के संचालन, रख-रखाव और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक का उद्देश्य सिटी फॉरेस्ट पार्क को आम नागरिकों, पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना रहा। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सिटी फॉरेस्ट पार्क न केवल एक हरित क्षेत्र है, बल्कि यह देहरादून शहर की पर्यावरणीय धरोहर भी है, जिसकी सुरक्षा और संवर्धन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।उपाध्यक्ष तिवारी ने निर्देश दिए कि पार्क में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए आई-कार्ड अनिवार्य किया जाए, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। साथ ही पार्क में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे न केवल कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी, बल्कि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी आएगी। इस संबंध में आईटी अनुभाग को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सुरक्षा व्यवस्था होगी और अधिक मजबूत

बैठक में पार्क की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा की गई। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि पार्किंग क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तथा पार्क के भीतर अतिरिक्त माली तैनात किए जाएं, ताकि आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही रात्रि के समय अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। पार्क के अंतिम छोर पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए वहां सुरक्षा कर्मियों के लिए एक सिक्योरिटी हट का निर्माण अनिवार्य किया गया है। यह कदम पार्क की सीमाओं की निगरानी और नियंत्रण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष जोर

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने निर्देश दिए कि पूरे पार्क क्षेत्र में 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि पार्क के हर कोने पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। सीसीटीवी इंस्टॉलेशन का कार्य आईटी अनुभाग द्वारा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पार्क के भीतर रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी अभियंत्रण अनुभाग को दिए गए हैं, ताकि सुरक्षा के साथ-साथ आगंतुकों को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आपातकालीन और अग्निशमन व्यवस्थाओं को मिलेगा विस्तार

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्क परिसर में आपातकालीन सेवाओं से संबंधित आवश्यक हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं। इससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अतिरिक्त पार्क में अग्निशमन व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आगजनी जैसी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके।

## पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता

उपाध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में सिटी फॉरेस्ट पार्क के भीतर किसी भी प्रकार के सिविल या कंक्रीट से संबंधित निर्माण कार्य नहीं किए जाएंगे। यह निर्णय पार्क के प्राकृतिक स्वरूप और जैव विविधता को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क का उद्देश्य प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण है, न कि कंक्रीट संरचनाओं का विस्तार।

## प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार

बैठक में पार्क से संबंधित स्टॉक रजिस्टर को व्यवस्थित और अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। इससे संसाधनों के उपयोग और रख-रखाव में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। संबंधित अनुभागों को समयबद्ध रूप से इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क देहरादून की पहचान है और इसे सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरणख्रअनुकूल बनाए रखना एमडीडीए की सामूहिक जिम्मेदारी है। एमडीडीए द्वारा उठाए गए ये कदम न केवल पार्क की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि आम जनता को एक सुरक्षित, सुंदर और प्रकृति के करीब अनुभव भी प्रदान करेंगे।

## सिटी फॉरेस्ट पार्क देहरादून शहर की एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय धरोहर : उपाध्यक्ष

उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क देहरादून शहर की एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय धरोहर है और इसका संरक्षण एमडीडीए की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पार्क को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पर्यावरणख्रअनुकूल बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था, बायोमैट्रिक उपस्थिति और अतिरिक्त सुरक्षा तैनाती जैसे कदम पार्क प्रबंधन में पारदर्शिता और अनुशासन लाएंगे। भविष्य में किसी भी प्रकार का कंक्रीट निर्माण नहीं किया जाएगा, ताकि पार्क का प्राकृतिक स्वरूप और जैव विविधता सुरक्षित रह सके।

## पार्क में बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना एमडीडीए की प्राथमिकता : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क में दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की पहचान, उपस्थिति प्रणाली, स्टॉक रजिस्टर और सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अनुभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पार्क में बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना एमडीडीए की प्राथमिकता है।

# मुख्यमंत्री से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर के मध्य देश एवं राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में विकास, जनकल्याण एवं आपसी समन्वय से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# मुख्यमंत्री धामी ने स्वदेशी संकल्प दौड़ का किया शुभारंभ

## युवाओं को स्वदेशी अपनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क देहरादून में स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को उन्होंने सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत का संदेश देश की मजबूत नींव के लिए युवाओं को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र के संकल्प की ओर अग्रसर है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया जैसे अभियान सबको मिलकर आगे बढ़ाने होंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने, अनुशासन अपनाने, शिक्षा-कौशल विकास पर जोर देने तथा राष्ट्र कर्तव्यों का पालन करने का विशेष आह्वान किया।इस अवसर पर विधायक खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, भाजपा के संगठन महामंत्री अजेय कुमार पार्टी पदाधिकारी एवं भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण दी पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मसूरी ।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेक. ानंद जयंती के अवसर पर मसूरी रोड़ स्थित किशनपुर तिराहे पर स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं मालार्पण किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मोहक निर्तय में प्रतिभाग करने वाले में चाँदनी, स्मृति, मुस्कान, काजल, रूपा को कृषि मंत्री द्वारा सर्टिफिकेट एवं मेडल दे कर सम्मानित किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंत्री जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, आत्मबल और सेवा भाव का संदेश पूरी दुनिया को दिया, जो सदैव मार्गदर्शक रहेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, रामकृष्ण आश्रम के अध्यक्ष स्वामी असीमात्मानंद, आचार्य विपिन जोशी, पूनम नौटियाल, सुरेन्द्र राणा, मंजीत रावत, संजय नौटियाल, मोहित अग्रवाल, देवेन्द्र रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# राज्य में बंद होती इंदिरा अम्मा कैंटीनों पर हरीश रावत ने जताई चिंता

■ बोलेख्र 20 जनवरी को इंदिरा खिचड़ी खिलाकर दूंगा श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार बंद हो रही इंदिरा अम्मा कैंटीनों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ये कैंटीनें केवल भोजन केंद्र नहीं थीं, बल्कि गरीबों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और वर्करों के लिए सम्मान और पोषण की गारंटी थीं। भले ही कोई टाई पहनता हो या दिहाड़ी मजदूर हो, इंदिरा अम्मा कैंटीन हर जरूरतमंद को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती थी।

हरीश रावत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किए गए बयान में कहा कि राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। प्रधानमंत्री की ओर से "श्रीअन्न" कहे जाने वाले मडुआ और अन्य मोटे अनाजों से बने व्यंजन इन कैंटीनों में परोसे जाते थे। झंगोरे की खीर जैसे पारंपरिक उत्तराखंडी व्यंजनों को राष्ट्रीय थाली का हिस्सा बनाने की दिशा में यह एक ठोस प्रयास था।

उन्होंने कहा कि लाखों लोग इन कैंटीनों से लाभान्वित हुए और आज भी कुछ लोग इसका लाभ ले रहे हैं, हालांकि कहीं-कहीं दाम बढ़े या मेनू बदले गए। उनका उद्देश्य था कि उत्तराखंड के लोगों को अपनी धरती का जैविक और पौष्टिक अनाज सस्ती दर पर मिले और स्थानीय व्यंजनों को सम्मान प्राप्त हो।

पूर्व मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि



उनकी सरकार के कार्यकाल में महिला, बाल और वृद्ध पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वृद्ध महिला पोषण आहार योजना, गर्भवती महिला पोषण योजना और बाल पौष्टिकता को नए आयाम देने के लिए टेक होम राशन योजना शुरू की गई। इसके माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों और आंगनबाड़ी केंद्रों को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ा गया।

हरीश रावत ने कहा कि उनकी सरकार ने उन लोगों के लिए भी सस्ती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में नहीं आते थे। एपीएल कार्डधारकों को छह रुपये किलो गेहूं, नौ रुपये किलो चावल और 13 रुपये में एक किलो चीनी या नमक देने की योजना लागू की गई। इसके साथ ही उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जहां सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू हुई। शुरुआत 50 हजार रुपये से हुई और सरकार के जाते-जाते यह सीमा बढ़कर 1.75 लाख रुपये तक पहुंच गई। इससे ऊपर के इलाज का खर्च मुख्यमंत्री व्याधि निधि से वहन किया जाता था, जिसमें गंभीर रूप से बीमार और जन्मजात रोगों से पीड़ित बच्चे भी शामिल थे।इंदिरा अम्मा कैंटीनों की बदहाली पर दुख जताते हुए हरीश रावत ने कहा कि रोजाना लोगों से इन कैंटीनों की दुर्दशा की बातें सुनकर उन्हें मानसिक पीड़ा होती है। उन्होंने घोषणा की कि उत्तरायणी पर्व के बाद 20 जनवरी को किसी बंद हो चुकी इंदिरा अम्मा कैंटीन पर वह स्वयं लोगों को "इंदि. रा खिचड़ी" खिलाएंगे और इसे अपनी ओर से इंदिरा अम्मा कैंटीन को श्रद्धांजलि देंगे।उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई इन योजनाओं को जब छोड़ा या समाप्त किया गया, तब कांग्रेस संगठन ने भी अपेक्षित आवाज नहीं उठाई, जो एक आत्ममंथन का विषय है। पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान एक बार फिर राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा पर सियासी बहस को तेज करने वाला माना जा रहा है।

# 18 माह का कोर्स 12 माह में खत्म करने की तैयारी, छात्रों में मची हलचल

**इमरान चौधरी**

**देहरादून।** उत्तराखंड आयुर्वेद विश्व. विद्यालय इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली को लेकर विवादों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि विश्व. विद्यालय प्रशासन पर यूजी नियमों के खुले उल्लंघन और छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। मामला बीएएमएस बैच 2020 की अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के समय से पूर्व आयोजन से जुड़ा है, जिससे छात्रों में भारी रोष व्याप्त है। नियामक संस्था के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि बीएएमएस अंतिम वर्ष की परीक्षा 18 माह की अनिवार्य अध्ययन अवधि पूर्ण होने के बाद ही आयोजित की जा सकती है। बैच 2020 का अंतिम वर्ष नवंबर 2024 में शुरू हुआ था, जिसके अनुसार 18 महीने की अवधि जून 2026 में पूरी होनी चाहिए। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में ही डेटशीट जारी कर दी है। यानी जब छात्रों की केवल 12 माह की पढ़ाई पूरी हुई है, तभी उन पर परीक्षा थोपी जा रही है।

**छात्र नेता सिद्धार्थ अग्रवाल बोले.** डीएवी के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल का कहना है कि छात्रों ने मांग की है कि परीक्षाओं को यूजी नियमों के अनुसार जून 2026 में ही आयोजित किया जाए ताकि उनके शैक्षणिक भविष्य की रक्षा हो सके। छात्र नेता ने कहा कि प्रशासन इस पर गंभीरता से विचार करें अन्यथा छात्रों के भविष्य को लेकर में उग्र प्रदर्शन भी करेंगे।

## वीसी की कार्यशैली पर उठे सवाल: क्या केवल खानापूर्ति है प्राथमिकता?

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर (कुलपति) की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने के बजाय, ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति और आनन-फानन में सत्र निपटाने में लगा है। छात्रों का कहना है कि निर्धारित समय से 6 माह पूर्व परीक्षा कराना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उनकी डिग्री की वैधानिक मान्यता पर भी संकट खड़ा कर सकता है। वही जब वॉइस चांसलर से इस मामले में फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

## परिणामों में देरी और छात्रों का दो साल का नुकसान

विश्वविद्यालय की लापरवाही का आलम यह है कि मई 2025 में हुई बीएएमएस 2021 बैच की परीक्षाओं के परिणाम 9 महीने बीत जाने के बाद भी घोषित नहीं किए गए हैं। इस देरी और कुप्रबंधन के कारण छात्रों को अपने प्रोफेशनल कोर्स में लगभग दो साल का आर्थिक और शैक्षणिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।अधूरी पढ़ाई मे 18 महीने के कोर्स को महज 12 महीने में खत्म कर परीक्षा की घोषणा। फेल होने वाले छात्रों के भविष्य और उनके प्रबंधन को लेकर विश्वविद्यालय के पास कोई ठोस योजना नहीं है। नियमों के अनुसार फर्स्ट टर्म टेस्ट का समय भी पहले ही निकल चुका है।

## ठंड के बीच अल्मोड़ा में धधका जंगल

**अल्मोड़ा।** ठंड के दिनों में भी जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रही है। सोमवार को कोसी स्थित आईटीबीपी कैंप एरिया से सटे जंगल में अचानक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग कैंप एरिया की ओर बढ़ने लगी।

मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना किसी न किसी जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है। सोमवार को अल्मोड़ा कोसी के आईटीबीपी कैंप एरिया से सटे जंगल में अचानक आग धधक उठी। विकराल हो चुकी आग कैंप एरिया की ओर से तेजी से बढ़ने लगी। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में आईटीबीपी के जवानों ने फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेन्द्र सिंह कुंवर के नेतृत्व में पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एमएफई से पंपिंग कर दो होज पाइप फैलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया। जिसके बाद अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली। यहां टीम में एलएफएम ओम प्रकाश, एफएस रमेश सिंह, श्याम लाल, प्रियांशु कुमार मौजूद रहे।

# मंत्री जोशी से की सेवारत पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से उनके कैंप कार्यालय में सेवारत पूर्व सैनिकों के एक प्रति. निधिमंडल ने भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशभर में सेवारत पूर्व सैनिकों को स्थानांतरण में छूट प्रदान किए जाने के संबंध में एक पत्र सौंपा। हल्द्वानी से आए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सेवारत पूर्व सैनिक अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में वर्षों तक सेवा देने के बाद सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं। इसके उपरांत जब वे राज्य सरकार की सेवा में आते हैं, तो उन्हें पुनः 15 से 20 वर्षों तक दुर्गम क्षेत्रों में ही सेवाएं देनी पड़ती हैं, जबकि उन्हें कभी भी सुगम क्षेत्र में सेवा का अवसर नहीं मिल पाता। उन्होंने इस स्थिति को देखते हुए स्थानांतरण अधिनियम 2017 में आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग की। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि सेवारत पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान को सरकार संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान बलवंत सिंह गैड़ा, शमशेर सिंह, दिनेश चंद्र, सुरेंद्र सिंह भंडारी, दीपेंद्र चंद्र, दलीप सिंह रावत, गोविंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम के आदेश, काम में लापरवाही पर पटवारी को निलंबन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित 'जनदर्शन' कार्यक्रम जनसेवा और त्वरित न्याय का केंद्र बना। 130 से अधिक शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मालदेवता निवासी गौरव पंवार ने शिकायत की कि उनका दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) का मामला पिछले 18 महीनों से लंबित है। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित पटवारी से 24 घंटे के भीतर आख्या मांगी है। आदेश का पालन न होने की स्थिति में पटवारी के निलंबन की पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहारनपुर रोड की 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला संतोष, जिन्हें संपत्ति नाम कराने के बाद बहू ने बेसहारा छोड़ दिया था, के मामले में डीएम ने भरण-पोषण अधिनियम के तहत वाद दर्ज करने का आदेश दिया। इस दौरान एसडीएम सदर हरिगिरि ने कहा कि एकल माता मोनिका और विधवा रेणु देवी की बेटियों की पढ़ाई फिर से शुरू कराने के लिए श्प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदाश के तहत मदद दी जाएगी। साथ ही स्कूल प्रबंधन से समन्वय कर बच्चों की फीस माफी के निर्देश भी दिए गए। आर्थिक व चिकित्सा सहायताः कैंसर पीड़ित उमा रानी को शरायफल क्लब फंडश से और सुनीता देवी को उनकी बेटी के विवाह हेतु समाज कल्याण विभाग के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध होना चाहिए। हर शिकायतकर्ता को कार्रवाई की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए।इस अवसर पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार, एसडीएम सदर हरिगिरि समेत तमाम विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# ड्रीमर्स एडु हब का ऐतिहासिक धमाकाः एक ही दिन में 14 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।**सहस्त्रधारा रोड स्थित श्ड्रीमर्स एडु हबश ने रक्षा क्षेत्र की परीक्षाओं में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देशभर में देहरादून का गौरव बढ़ाया है। संस्थान ने अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। जहाँ पूर्व में एक दिन में 6 चयन (रिकमेंडेशन) संस्थान की बड़ी उपलब्धि थी, वहीं 9 जनवरी 2026 को एक ही दिन में 14 विद्यार्थियों ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए चयन पाकर सबको चौंका दिया है। संस्थान ने मात्र 12 दिनों के भीतर (1 से 12 जनवरी) एनडीए, जैग एवं सीडीएस जैसी कठिन परीक्षाओं में कुल 21 चयन दर्ज किए हैं। किसी भी निजी रक्षा प्रशिक्षण संस्थान के लिए यह एक असाधारण उपलब्धि है। इस सफलता में चौतन्य जलवाल की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी और सीडीएस प्रविष्टियों के माध्यम से तीन अलग-अलग बोर्ड से सफलता प्राप्त की और वर्तमान में भारतीय नौसेना अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं।एक ही दिन में सफलता का परचम लहराने वाले विद्यार्थियों में रुद्राक्ष, वैष्णवी उपाध्याय, मोहम्मद याह्या, भूपेश, अरमान चौधरी, दीपांशु, अभिजीत सूर्यवंशी, आयुष, आदित्य सकलानी, मनन शर्मा, आदित्य धारनिया, आदित्य आर्यन, दानिश और अक्षत पंवार शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अर्पित शर्मा, आर्यन कुमार, दिव्यांश अरोरा, अक्षय नड्डा, शिवांशु झा और दिव्यांश महाजन ने भी अपनी कड़ी मेहनत से सफलता अर्जित की है।संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी ने इस गौरवशाली क्षण पर कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि ड्रीमर्स केवल परिणाम नहीं, बल्कि इतिहास बनाता है। सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने इसे टीम और छात्रों के अनुशासन की जीत बताते हुए राष्ट्र को सक्षम अधिकारी देने के अपने संकल्प को दोहराया।



# नगर निगम ने शिकायत दर्ज कराई

## दिवार पर आपत्तिजनक लेखन का मामला

■ जांच तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार ने कनखल क्षेत्र के लाटोवाली स्थान पर दीवार पर लिखी गई आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए तहरीर दर्ज करा दी है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की भाषा का नगर निगम से कोई संबंध नहीं है और स्वच्छता के नाम पर अशालीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। निगम के संज्ञान में आया था कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गंदगी न करने के संदेश की आड़ में अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए दीवार पर लेखन किया गया, जिसके नीचे भ्रामक रूप से नगर निगम हरिद्वार अंकित था। मामले की जानकारी मिलते ही उक्त आपत्तिजनक लेखन को तत्काल हटवा दिया गया। इसके बाद मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत द्वारा संबंधित थाने में तहरीर दर्ज कराई गई, ताकि प्रकरण की विधिवत जांच कर दोषियों की पहचान की जा सके और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो। इस संबंध में नंदन कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार द्वारा पहले ही जांच के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। नगर निगम की टीम आसपास के क्षेत्र के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के चिन्हित होते ही उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो वह नगर निगम या पुलिस को अवगत कराए। नगर निगम हरिद्वार ने दोहराया है कि शहर की स्वच्छता, सामाजिक मर्यादा और सार्वजनिक शालीनता बनाए रखना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और स्वच्छता के नाम पर अभद्रता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मनरेगा का नाम बदलने का विरोध : कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन कर योजना को समाप्त करने के षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम ही देश दुनिया को प्रेरणा देता है। लेकिन सरकार मनरेगा नाम को ही बदलना चाहती है। कांग्रेस इसके विरोध में सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। अमन गर्ग ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यूपीए शासन में मनरेगा योजना लागू की गई थी। गरीब निर्धन परिवार इस योजना के माध्यम से अपनी रोजी-रोटी कमाते थे। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचाने के लिए सरकार से चार मांग करते हैं। काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलाव की तत्काल वापसी। काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम मजदूरी 400 रूप की जाए। अमन गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी के हर आंख से आंसू पोंछने के संकल्प को समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर एवं वरुण बालियान ने कहा कि कोविड के दौरान निर्धन परिवारों के लिए मददगार साबित हुई मनरेगा का नाम बदलकर सरकार क्या सिद्ध करना चाहती हैं। महात्मा गांधी विश्व के नेता हैं। रोजगार सर्जन होने चाहिए। गरीब निर्धन परिवार इस योजना से अपनी परिवारों का भरण पोषण करते हैं। गांव के मजदूर की आर्थिक स्थिति को मनरेगा सुरक्षा कवच प्रदान करती थी। महिलाओं, दलित, आदिवासियो, गरीबों, पिछड़ों को अधिकार दिए। लेकिन सरकार योजनाओं को समाप्त करने में लगी हुई है। प्रैसवार्ता में अंजू मिश्रा, अंजू द्विवेदी, रचना शर्मा, ममता सिंह, जतिन हांडा, अमित नौटियाल, अनिल भास्कर, आरिफ आदि मौजूद रहे।



# मोबाइल बरामद कर मालिक को सुपुर्द किया

## श्यामपुर पुलिस की सराहना हुई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 26.12.2025 को आवेदक नरेश चन्द्र निवासी ग्राम रसूलपुर, श्यामपुर हरिद्वार द्वारा स्वयं के मोबाईल फोन टेक्नो स्पार्क कम्पनी खोने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा तत्काल सी.ई.आई.आर पोर्टल के माध्यम से थाना क्षेत्रान्तर्गत चिड़ियापुर क्षेत्र से बरामद कर फोन स्वामी के सुपुर्द किया गया। खोया मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी ने हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस ने अपील की है कि यदि मोबाइल गुम या चोरी हो जाए तो तुरंत सी.ई.आई.आर पोर्टल पर रजिस्टर करें। पोर्टल के जरिए मोबाइल को ब्लॉक कर सकते हैं बरामद होने पर अनब्लॉक करा सकते हैं। ट्रेसिंग प्रक्रिया सरल और सुरक्षित है। यह जानकारी अपने परिचित तक जरूर पहुँचाएँ ताकि अधिक से अधिक लोग पोर्टल की सुविधा का लाभ उठा सकें।



# स्वामी विवेकानंद जयंती पर संकल्प दौड़ का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** फेरूपुर रामखेड़ा स्थित डिग्री कालेज में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। संकल्प दौड़ का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जगपाल सैनी, धर्मेंद्र चौहान और विक्रम भुल्लर ने झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। ऐसे महान व्यक्तित्व की जन्म जयंती के अवसर पर सब युवाओं को विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मस्तक ऊंचा किया है। उनकी शिक्षाएं युवाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। युवाओं के कंधों पर इस देश का भविष्य टिका है। उन्हें मानसिक रूप से मजबूत होकर देश सेवा में लगना चाहिए। युवा मोर्चा प्रभारी लव शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी जयंती मनाने का मकसद है कि नौजवान उनके प्रेरणादायक विचारों और आदर्शों से परिचित हो और उनके बताएं मार्ग पर चलें। प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जगपाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी युवाओं को शिक्षा और खेल से जुड़कर देश सेवा करनी चाहिए। नशे और बुराइयों से बचना चाहिए। युवा देश की पूंजी है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम भुल्लर, प्रदेश मंत्री तरुण चौहान, जिला महामंत्री दीपांशु शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सचिन चौहान, सहसंयोजक चीनू, नितीश चौधरी, जिला मंत्री लेखराज, प्रियांशु गोयल, मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, रीनू चौधरी, मोहित चौहान, श्रवण चौहान, दीपक सैनी, आदर्श कश्यप, सचिन आर्य, राहुल चौहान, विनीत प्रताप सिंह, राजु पाल, बीरसिंह कश्यप सहित सैकड़ो युवा सम्मिलित हुए।



# हरिद्वार की छात्रा नीट परीक्षा में सफल हुई

## चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 12 जनवरी। भेल के वरिष्ठ अभियंता बृजेश कुमार की पुत्री जिज्ञासा ने नीट 2025 परीक्षा मे सफलता हासिल कर तृतीय चरण की काउंसलिंग के पश्चात राजकीय मेडिकल कालेज कुशीनगर उत्तर प्रदेश मे एमबीबीएस पाठ्यक्रम मे प्रवेश प्राप्त कर हरिद्वार का गौरव बढ़ाया है।

गौरतलब है कि इस वर्ष की नीट प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र विगत कई वर्षो की तुलना मे कठिन था। जिज्ञासा की माता सुषमा कुमारी ने बताया कि बेटी ने एन.टी.ए. द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट प्रवेश परीक्षा मे भी 95.57 फीसदी अंकों के साथ क्वालीफाई किया था। उन्होंने बताया कि जिज्ञासा ने कुछ ही महीनो पूर्व एम्स दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा बी.एस.सी. नर्सिंग (आनर्स) जिसमें एससी वर्ग के लिए केवल 192 सीट होती हैं, उर्तीण की थी और एम्स रायबरेली में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। सुषमा कुमारी ने बताया कि जिज्ञासा की पढाई-लिखाई दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर हरिद्वार मे हुई। जिज्ञासा ने नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी उत्तराखंड के प्रतिष्ठित संस्थान ज्वालापुर स्थित रसायनम संस्थान से वैभव त्रिवेदी एवं कुश मिश्रा के दिशा निर्देशन मे की। जिज्ञासा की बचपन से ही चिकित्सा के क्षेत्र मे करियर बनाने की इच्छा थी। जिज्ञासा ने अपनी इस सफलता का श्रेय कडी मेहनत, परिवार एवं शिक्षकजनों को दिया है।



भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर को अपना आदर्श मानने वाली जिज्ञासा ने बताया कि अनुशासन और दृढ निश्चय के साथ कोर्स पूरा कर कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। बचपन से ही होनहान जिज्ञासा निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित डा.भीमराव अम्बेडकर शिक्षा सहभागिता कार्यक्रम के माध्यम से फैक्ल्टी के रूप मे अपनी सेवाएं भी प्रदान करती हैं। जिज्ञासा की इस उपलब्धि पर डा. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा सहभागिता कार्यक्रत के पदाधिकारियों तथा प्यारेलाल, रेखा देवी, दिनेश कुमार, आकाश, अनीता, बृजेश, तान्या, शंकरलाल, नागेंद्र कुमार, कंचन देवी, सौरभ, गौरव, दीपक, प्रियंका, करन, राकेश कुमार भारती, चंद्रकली, श्रेया, कुणाल, जयप्रकाश, ऊषा, शिवम, रीना, बबलू, सुनीता, धनंजय, संगीता, अतुल, आशीष, अजय, दिनेश, अनीता ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# उत्तरी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय के नॉक आउट मुकाबले शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 12 जनवरी, 2026 गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान मे वंदना कटारियाँ हॉकी स्टेडियम, रोशनाबाद मे आयोजित की जा रही उत्तर-क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी पुरूष वर्ग प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये नॉक आउट मुकाबले मे पहला मुकाबला दिल्ली वि0वि0, दिल्ली तथा सी0एस0जे0एम0, कानपुर के मध्य खेला गया जिसमे दिल्ली वि0वि0 ने कानपुर को सीधे मुकाबले मे 6-0 से परास्त किया। ए0आई0यू0 आर्ब्जवर एवं जम्मू वि0वि0 के डायरेक्टर स्पोटर्स डॉ0 सुरजीत सिंह ने टीमों से परिचय प्राप्त किया। कहॉ कि विपरीत वातावरणीय स्थिति मे खेलने से खिलाडी की सहन-शक्ति एवं सामर्थ्य की समायोजन क्षमता का पता चलता है। आयोजन अध्यक्ष डॉ0 शिवकुमार चौहान ने कहॉ कि खेल की कसौटी पर चुनौतियों का सामना करके वाला ही खरा उतर सकता है। एच0एन0बी0 गढवाल तथा सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश के बीच आरम्भ हुआ इस मैच मे सरदार पटेल ने गढवाल को 6-1 से परास्त किया। सचिव, क्रीडा परिषद डॉ0 अजय मलिक ने सिरसा तथा अमृतसर के मध्य खेले गये मैच मे टीमों से परिचय प्राप्त किया। उन्होने टीमों को बेहतर तालमेल एवं दबाव मुक्त स्थिति से खेलते हुये अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने की बात कही। सी0बी0एल0यू0 भिवानी तथा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, आगरा के बीच हुऐ मुकाबले मे भिवानी ने आगरा को 5-1 से परास्त किया। आयोजन सचिव डॉ0 कपिल मिश्रा ने दोनो टीमों को शुभकामनाएं देते हुये शारीरिक एवं मानसिक लय के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। एच0पी0यू0 शिमला तथा आई0के0जी0पी0टी0 वि0वि0, जालन्धर के बीच हुए मुकाबले मे शिमला ने जालन्धर को 5-1 से परास्त करके दूसरे राउन्ड मे प्रवेश किया। डॉ0 प्रणवीर सिंह, हॉकी कोच दुष्यन्त राणा तथा अश्वनी कुमार ने टीमों का उत्साहवर्धन करते हुये आयोजन को बेहतर तथा व्यवस्थित संचालित करने पर प्रशंसा की। आज खेले गये मैचों का संचालन अम्पायर मलकित सिंह, विपुल कुमार, अमित कटारियॉ, प्रांजल मिश्रा, फैजान अहमद, रवि जैसल, रजत कुमार आदि द्वारा संचालित किये गये।



# पतंजलि वैलनेस में योग

## नेचुरोपैथी और आयुष के प्रशिक्षण में मंथन हुआ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्य होम्योपैथी विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत योग अनुदेशकों के लिए 6-दिवसीय समेकित योग, नैचुरोपैथी एवं आयुष आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 7 से 12 जनवरी 2026 तक दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की ओर से पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग अनुदेशकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाकर समेकित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा। यह प्रशिक्षण परम पूज्य आचार्य श्री बालकृष्ण जी एवं परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को योग, आयुर्वेद, नैचुरोपैथी, आहार चिकित्सा, प्राणायाम, ध्यान, योग-मनोविज्ञान एवं चिकित्सीय योग जैसे विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अजीत राणा, डॉ. विवेक चौरसिया, डॉ. अनूप सैनी, वैद्य पवनेश मौर्य, डॉ. प्रशांत कटियार, श्री अर्जुन योगी एवं श्री मयूर चौहान सहित अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंतिम दिवस प्रतिभागियों ने प्रायोगिक प्रदर्शन, केस-स्टडी प्रस्तुति, मूल्यांकन एवं औपचारिक समापन सत्र आयोजित किया गया। समापन अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. विकास ठाकुर (जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी) की उपस्थिति रही। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासित आयोजन एवं विषय वस्तु की सराहना करते हुए इसे आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में समेकित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा भविष्य में इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रुचि व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक योग- आधारित सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित होगा।



# श्रीमहंत रविंद्रपुरी से मिले शिव सेना हिन्दुस्तान के अध्यक्ष पवन

## 24 फरवरी को पटियाला में होने वाले हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने का निमंत्रण दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता ने श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के साथ निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया और 24 फरवरी को दक्षिण काली मंदिर पटियाला में आयोजित किए जा रहे हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान पवन गुप्ता की धर्मपत्नी सुमन गुप्ता, रोहित तिवारी, जेपी बड़ोनी, नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने सभी को मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया और निमंत्रण स्वीकार करते हुए सभी श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। पवन गुप्ता ने कहा कि संत महापुरूषों के आशीर्वाद से सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन को गति मिल रही है। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म और हिंदू मान्यताओं के संरक्षण में सभी को योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होंगे। पवन गुप्ता मायादेवी मंदिर ने पुजारी भास्कर पुरी और स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज सहित कई प्रमुख संतों से भेंटकर उन्हें भी हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने का निमंत्रण दिया।



# आर्म्स अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत

## अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में सात मुकदमे दर्ज

■ आरोपी से चाकू बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 12.01.2026 को थाना सिडकुल क्षेत्रांतर्गत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चौकिंग के दौराने आरोपी नाजिम पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम खुदागंज, शाहजहांपुर उ.प्र. हाल निवासी रोशनाबाद को पुलिस लाइन तिराहा रोशनाबाद से एक अदद अवैध चाकू के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर आर्म्स अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यालयाय के समक्ष पेश कर आदेशनुसार कार्रवाई की गई। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में सात मुकदमे दर्ज चले आते है।



# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पैंतीस वाहनों के चालान

■ पांच वाहन सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा श्यामपुर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट, बिना एच.एस.आर.पी, बिना रिफ्लेक्टिव टेप, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र आदि अनियमितताओं वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल पैंतीस वाहनों के चालान किए गए तथा पाँच वाहनों को सीज किया गया। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। नेहा झा, एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें एवं यातायात नियमों का पालन करें ताकि स्वयं व अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# 180 टन कूड़ा-कचरे की सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बी.एच.ई.एल द्वारा एच.एस.सी.एल कालोनी सेक्टर 2 निकट बैरियर 4 से एच.आर.डी.सी चौराहा सेक्टर 1 क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई का कार्य करवाया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक, सिडकुल क्षेत्र से लगभग 180 टन कूड़ा-कचरा उठवाया गया की जो सिडकुल एवं भेल दोनों की भूमि पर फैला हुआ था। उक्त कूड़ा-उठान का कार्य भेल ने जेसीबी मशीनों एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सहायता से कराया गया। नगर पालिका ने भी एक जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई।

# समर्पित फाउन्डेशन ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 12 जनवरी। इन्द्रानगर लालढांग स्थित भगवान श्री चन्द्र मन्दिर के प्रांगण मे समर्पित फाउन्डेशन के सौजन्य से गरीब एवं असहाय परिवारों को कम्बल वितरित किए गये। इस अवसर पर समर्पित फाउन्डेशन की अध्यक्षा सुनीता सिंह, कोषाध्यक्ष अमनदीप सिंह व सचिव अशोक धिंगान मौजूद रहे। फाउन्डेशन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने कहा कि समर्पित फाउन्डेशन जरुरतमंद, गरीब, असहाय परिवारों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। सर्दी से बचाव के लिए गरीबों को कंबल वितरण करने का अभियान आगे भी रहेगा। इस दौरान मुन्नी, रानी, गीता, पप्पू, राजवती, फूलवती, तेजपाल, मुन्दरी व मन्दिर की मुख्य पुजारी लक्ष्मी माता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# 25.15 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 11 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान पथरी क्षेत्र से एक व्यक्ति को 25.15 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी अहसान पुत्र असलम, निवासी जामा मस्जिद सुल्तानपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार, उम्र 30 वर्ष के विरुद्ध धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। बरामदगी में आरोपी के कब्जे से 25.15 ग्राम अवैध स्मैक मिली है। पुलिस टीम से वरिष्ठ उप निरीक्षक यशवीर सिंह नेगी, उप निरीक्षक महेन्द्र पुंडीर, कांस्टेबल, सुशील कुमार एवं कांस्टेबल, अजीत तोमर ने विधिक कार्रवाई की।

# हिल बाईपास मार्ग का स्थलीय निरीक्षण

## गुणवत्ता के विपरीत सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी निराधार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दीपक वर्मा ने अवगत कराया कि हिल बाईपास मोटर मार्ग पर गतिमान अनुरक्षण कार्य के सम्बन्ध में दिनांक 11.01.2026 को संजय त्रिवाल द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के क्रम में जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में उनके द्वारा सहायक अभियंता एवं ठेकेदार के साथ दिनांक 12.01.2026 को हिल बाईपास मार्ग पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में मार्ग पर स्लिप सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मार्ग के विभिन्न स्थानों पर दीवारों, पुलिया व स्कपर आदि का निर्माण कार्य प्रगति पर है जोकि गुणवत्तापूर्वक एवं मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। कार्यस्थल पर ठेकेदार को पुनः निर्देशित किया गया कि दीवारों में विशिष्टियों के अनुरूप पत्थर का उपयोग किया जाय तथा मलवा आदि निर्धारित व चिन्हित स्थानों पर ही डाला जाए। उन्होंने अवगत कराया कि सोशल मीडिया पर कार्य की गुणवत्ता के विपरीत की गई टिप्पणी भ्रामक एवं निराधार पाई गई।



# 874 नागरिक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से 874 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा 456 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए शिविर में 7031 लोगों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्रवासियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 403 समस्याएं दर्ज कराई जिसमें भूमि विवाद,अतिक्रमण, जल भराव, ,विद्युत, पेयजल, आवास की मांग आदि समस्याएं दर्ज कराई गई। जिसमें से 178 समस्याओं का प्रभारी मंत्री द्वारा निस्तारण किया गया।

# बेदखली सूचना

मेरा पुत्र हर्षित मेरे कहने सुनने में नहीं है जिस कारण मैंने अपने पुत्र हर्षित को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में हर्षित का कोई लेन देन या आपराधिक कृत्य का मुझसे कोई संबद्ध नहीं होगा।

श्रीमती पूजा पत्नी श्री हरभजन सिंह निवासी म.न. 10 न्यू विकास कॉलोनी हरिद्वार, उत्तराखंड।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# डाकपत्थर चौक से बाबूगढ़ तक दौड़

## स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई, विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज डाकपत्थर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं द हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष यातायात नियम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा युवा मोर्चा की तत्वाधान में विकासनगर में रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ से प्रारंभ हुई। राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर हुई इस रन फॉर यूनिटी दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज डाकपत्थर के समस्त छात्र छात्राओं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं और राष्ट्रीय क्रेडिट कोर के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया यह दौड़ डाकपत्थर चौक से बाबूगढ़ तक चली, इस दौड़ में क्षेत्र की युवाओं बुजुर्गों माता और बहनों ने भी शिरकत की।. कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाले छात्र छात्राओं को भाजपा वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार, मीता सिंह, संजय तोमर, मोहित शर्मा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने पर पुरस्कृत भी किया गया। अपने-अपने वर्गों में हुई इस दौड़ प्रतियोगिता में कॉलेज के दो छात्रों और दो छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनमें विकास पवार, प्रियांशु राणा, हिमांशी तथा अनुष्का प्रमुख रूप से रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार, विद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी कमलेश सिलोडी, विद्यालय की समस्या आचार्य अवधेश तपेंद्र की कालिका, दीपक, दिवाकर, अनिल, धन सिंह, फकीर, विशाल, विजेता, रिंकी, पूजा, रेनू, शालू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवे. कानंद जयंती के अवसर पर द हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष यातायात नियम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर डाकपथर चोकी प्रभारी संदीप पंवार के मार्गदर्शन मे विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी, नारे, भाषण एवं जागरूकता रैली के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, शिक्षकों में अनामिका पराशर, रेनु चंदेल, एडमिन श्वेतलाना विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ आयुष वर्मा, पूजा, सुदेश, प्रीति, मनमीत की सक्रिय भागीदारी रही।

## महाविद्यालय चकराता में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में युवा सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी डा. पवन कुशवान ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के सहयोग से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश आकाश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा.आशुतोष शरण ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश आकाश कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए विधिक विषयों पर जागरूक किया। चकराता से पीएलवी शुजात अली खान ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है, जिससे बचाव के लिए समय रहते जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य डा. आशुतोष्ठा शरण, नायब तहस. ीलदार राजेंद्र लाल, थाना चकराता प्रभारी चंद्रशेखर नौटियाल, चिकित्सा अधिकारी सुधीर कुमार, मनोज कुमार, डा. पवन कुमार, डा. अभय शेखर पवार, यशवीर रावत, डा. शिवांगी उपाध्याय, डा. सुमेर चंद सुमन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### उत्तरकाशी के जंगलों में भड़की आग

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के सबसे सघन वनों में से उत्तरकाशी के जंगलों में भड़की आग से यहां के वनों की इस बार सामत आ गई है। हालत इतने खराब है कि गंगा -यमुना घाटी से लेकर हिमाचल की सीमा से सटे गोविंद वन्य जीव एवं टोंस वन प्रभाग के जंगलों में आग फैली है। गौरतलब है कि जिले में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी न होने से सूखे की स्थिति बनी हुई है, जिससे यहां गंगा, यमुना और टोंस वन प्रभाग के जंगलों में एक बार फिर वनाग्नि की चपेट में आ गए हैं। बीते चार दिनों से जिला मुख्यालय से सटे मुखेम रेंज, टकनौर, डुंडा, धरासू, यमुना वन प्रभाग समेत टोंस वन प्रभाग के जंगल में आग की चपेट में आ रहा है जिससे जंगल धू-धूकर कर जलता रहा। सूचना पर वन कर्मी जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटे लेकिन प्रकृति के आगे वन विभाग भी बेबस हैं। हालात इतने खराब है कि जिन उच्च पहाड़ियों पर इन दिनों र्क की सफेद चादर होती थी वहां धुंआ-धुंआ दिखाई दे रहा है। आग के अंगारों से बचने के लिए अब वन्य जीव भी उच्च हिमालय की ओर भाग रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि सर्दियों में बारिश और बर्फबारी न होने से ये हालत बिगड़े हैं।

### अर्थशास्त्र प्रवक्ता नीरज को 'शिक्षा श्री' पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आशाराम वैदिक इंटर कालेज, विकासनगर के अर्थशास्त्र प्रवक्ता नीरज कुमार वर्मा को डा. यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट रुड़की द्वारा आयोजित 'पंचम अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं सम्मान समारोह' के अंतर्गत 'शिक्षा श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नीरज कुमार वर्मा को यह पुरस्कार पिछले 20 वर्षों से निर्धन छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद एवं निशुल्क अतिरिक्त शिक्षण के लिए दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कलूरा ने इस उपलब्धि के लिए नीरज कुमार वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए निर्धन छात्र-छात्राओं की आर्थिक एवं शैक्षणिक सहायता के लिए उनके प्रयास को समाज के लिए दिशा देने वाला प्रयास बताया है।



### मनरेगा को कमजोर करने का लगाया आरोप

**विकासनगर।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून के अध्यक्ष संजय किशोर ने ग्राम पंचायत एटनबाग में जनसंपर्क करते हुए ग्रामवासियों के साथ नुक्कड़ सभा को आयोजित किया। बैठक करते हुए कहा जिला अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि सरकार के मनरेगा योजना में बदलाव होने गरीबों और मजदूरों का नुकसान होगा, जिसके चलते कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है, उन्होंने कहा कि सरकार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार करने की बात करती है, मगर कानूनी गारंटी को सरकार ने खत्म कर दिया है, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच बजट का विभाजन भी पूर्व के अनुपात के बजाए राज्य सरकारों पर अधिक बोझ बढ़ाने का कार्य किया है। बैठक में सचिन, राहुल यादव, शीवा, मयंक, शुभम, रामजी लाल, संजय, तरूण, सौरभ, उषा देवी, आशा देवी, गीता देवी, रानी देवी, विजय पाल, राजकुमार, रितिक, शिमला देवी आदि मौजूद रहे।

# रिसॉर्ट के कमरे में बनी टॉयलेट में मृत मिला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** होरावाला स्थित आमोदम रिसोर्टस में सेलाकुई निवासी 3 युवकों में एक युवक कमरे में बने टॉयलेट में मृत पाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची सहसपुर पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मृतक मयंक ठाकुर पुत्र बालम सिंह निवासी सेलाकुई उम्र 17 वर्ष के कमरे से साक्ष्य संकलन करते हुए मौके से मृतक के परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव को 108 के माध्यम से विकासनगर मोर्चरी रखवाया गया। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की आवश्यक कार्यवाही जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को 112 के माध्यम से सहसपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की होरावाला स्थित आमोदम रिसोर्टस में सेलकुई निवासी 3 युवक 10 तारीख को आकर रुके थे। अगली दिन 11 तारीख को एक युवक को उसके दोस्तो के द्वारा कमरे में बने टॉयलेट में मृत पाया गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सहसपुर मय पुलिस टीम के एफएसएल तथा फील्ड यूनिट टीम के मौके पर पहुंचकर घटना के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ की सतविंदर सिंह राठौर पुत्र हरिओम राठौर निवासी निगम रोड सेलाकुई के पास गली में थाना सेलाकुई जनपद देहरादून उम्र-21 वर्ष, अभय पंवार पुत्र राजेश पंवार निवासी बहादरपुर थाना सेलाकुई जनपद देहरादून उम्र- 24 वर्ष, मयंक ठाकुर पुत्र स्व0 बालम सिंह निवासी सतपुली बाजार कुण्ड गांव पौडी उम्र 17 वर्ष के द्वारा 10 तारीख को टैन्ट संख्या 5 किराये पर लिया गया था जिसमे मयंक ठाकुर पुत्र स्व. बालम सिंह निवासी सतपुली बाजार कुण्ड गांव पौडी उम्र 17 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु टैन्ट के अन्दर हुयी है। घटना के सम्बन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मृतक मयंक ठाकुर पुत्र बालम सिंह निवासी सेलाकुई उम्र 17 वर्ष के कमरे से साक्ष्य संकलन करते हुए मौके से मृतक के परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव को 108 के माध्यम से विकासनगर मोर्चरी रखवाया गया। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की आवश्यक कार्यवाही जारी है।

# विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव कल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आगामी 14 जनवरी से निम में आयोजित होने वाले विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव और पौराणिक माघ मेले की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव जनपद के शीतकालीन पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि होम-स्टे संचालकों और साहसिक पर्यटन से जुड़े युवाओं को इस आयोजन में प्रमुखता से शामिल किया जाए, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।



जिलाधिकारी ने माघ मेले की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पुलिस प्रशासन को मेले के दौरान प्रभावी यातायात प्लान लागू करने और सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र और घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने की हिदायत दी तथा जल संस्थान और विद्युत विभाग को मेले के दौरान निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम मुक्ता मिश्र, एडीएम भटवाड़ी शालिनी नेगी, एसडीएम डुंडा देवानंद शर्मा, सीओ जनक पंवार, डीटीडीओ केके जोशी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मोनिका भंडारी, जिला होटल एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूटा, चारधाम यात्रा होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पूरी सहित अन्य अधिकारी व हितधारक उपस्थित रहे।

## योग शिविर का छठा दिन: पुलिस ने नशामुक्ति का संकल्प लिया

**रुद्रप्रयाग।** सात दिवसीय योग शिविर के छठे दिन पुलिस बल ने नशामुक्ति की सामूहिक शपथ ली। गुलाबराय मैदान में हुए योग सत्र के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशे से दूर रहने और समाज में स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल और 60 से अधिक अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों दौलत सिंह और आलोक सिंह रावत ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिससे शारीरिक और मानसिक संतुलन को बढ़ावा मिला। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग मानसिक शांति और आत्मबल प्रदान करता है, जबकि नशामुक्ति से पुलिस बल का चरित्र और मजबूत होता है। यह शिविर पुलिस बल के लिए अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## लाखामंडल में तेंदुओं की दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सीमांत लाखामंडल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में तेंदुओं की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उत्तराखंड जनजाति परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी चकराता को पत्र भेजकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि लाखामंडल क्षेत्र के समीप बर्नीगाड़, गोठाड़, धौरा पुडिया एवं कुंआ गांव के आसपास कम से कम चार तेंदुओं की मौजूदगी देखी गई है। इनमें से एक तेंदुए द्वारा हाल ही में एक महिला सहित दो लोगों पर हमला किए जाने की जानकारी भी दी गई है। बताया गया कि 9 जनवरी को बर्नीगाड़ के गंगनाली पानी स्थान पर तेंदुए ने दो व्यक्तियों पर हमला किया, जिसके बाद से क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। गीताराम गौड़ ने कहा कि तेंदुओं की लगातार आवा. जाही के कारण लाखामंडल, धौरा पुडिया, गोठाड़, बर्नीगाड़ एवं यमुना घाटी क्षेत्र के ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि खुलेआम घूम रहे तेंदुए कभी भी किसी व्यक्ति या पशुधन जैसे भेड़, बकरी, गाय-बैल पर हमला कर सकते हैं, जिससे जनहानि की संभावना बनी हुई है। जनजाति परिषद के उपाध्यक्ष ने मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्राचीन रास्तों, छानियों एवं कोटिया सेरा क्षेत्र में फैली झाड़ियों की कटाई कराई जाए। साथ ही क्षेत्र में सक्रिय तेंद. ुओं को पकड़ने के लिए वन विभाग की विशेष टीम गठित कर पिंजरे व ट्रैप कैमरे लगाए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# महायुति को मिलेगी प्रचंड जीत: डा. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मुंबई/देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सोमवार को मुम्बई में महानगर पालिका चुनाव में महायुति एवं भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न वार्डों में जनसभाओं को संबोधित किया।

इस दौरान डा. रावत ने आम लोगों से आगामी 15 जनवरी को महायुति के पक्ष में मतदान कर मुंबई महानगरपालिका में महायुति को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। डा. रावत ने वार्ड 71 में भाजपा प्रत्याशी सुनीता राजेश मेहता, वार्ड 160 में किरण (भाऊ) लांडगे, वार्ड 3 में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश दरेकर, वार्ड 23 में शिवकुमार झा, तथा वार्ड 27 में भाजपा प्रत्याशी नीलम सुनील के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने आम जनता को विकास, पारदर्शिता, सुशासन और जनहित के मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को अपना अमूल्य वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में केंद्र-राज्य व स्थानीय निकाय के समन्वय से ट्रिपल इंजन सरकार मुम्बई का चहुमुंखी विकास करेगी। वार्ड 18 में महायुति की उम्मीदवार संध्या विपुल दोशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में डा. रावत ने लोगों से महायुति को मजबूत समर्थन देने की अपील की गई। जनसभाओं में महायुति के प्रति जनविश्वास को देखते हुए डा. रावत ने कहा कि महानगर पालिका चुनाव में महायुती को प्रचंड बहुमत मिलेगा। डा. रावत ने मुंबई में हिमालय पर्वतीय संघ द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और संस्कार सुदृढ़ होते हैं। उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडियों से आह्वान किया कि वह महानगरपालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएं।




मुम्बई महानगर पालिका चुनाव में कैबिनेट मंत्री ने पार्टी प्रत्यशियों के लिये मांगे वोट, घर-घर किया जनसम्पर्क

# एसपी ने दिए अपराधों पर नियंत्रण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय पुलिस अधिक. ारी व कर्मचारियों की क्राईम मासिक बैठक कर सैनिक सम्मेलन लेकर नशा तथा अपराध नियत्रंण के जरुरी निर्देश दिये गये। इस दौरान एसपी ने बीते माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिस अधिकारी व कर्मियों को मैन अक्र द मंथ घोषित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, आगामी 14 जनवरी से उत्तरकाशी में होने वाले पौराणिक माघ मेले के दौरान कानून, शान्ति, यातायात एवं पुलिस व्यवस्था के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश एवं हिदायतें दी गयी।



पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की समीक्षा करते हुये सभी प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के साथ विवेचना विशेषकर गम्भीर प्रकरणों में गुणवता एवं पारदर्शित लाने के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिये गये। थानों पर लम्बित समन, वारण्ट, शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयान्तराल में निस्तारण करने तथा उच्चाधिकारियों एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अक्षरश: पालन अनुपालन के निर्देश दिये गये।

ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत गुमशुदा बच्चे, महिला एवं पुरुषों तलाशी हेतु विशेष जोर दिया गया। वहीं बढते साइबर अपराधों पर नियंत्रण, यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभाव एवं अन्य कुरीतियों के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने के साथ महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान अभया के अंतर्गत लगातार जनजागरुकता, प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों के शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रुटीन वाहन चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। गोष्टी के दौरान वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अरुण गौड ने उपस्थित विवेचकों को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में विवेचनाओं में सुधार व पारदर्शिता लाने के साथ साक्ष्य संकलन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गयी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार, निरीक्षक अभिसूचना दीपक रावत, सभी कोतवाली/थाना, इकाई प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# मैराथन दौड़ में अंकुश ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में कुल 55 प्रतिभागियों में अंकुश ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बांसबाड़ा से गिंवाला पार्किंग तक तीन किमी स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने झडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद द्वारा किए गए कार्यो को याद कर उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने सभी को एकता भाव के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से स्वदेश अपनाएंगे, देश समृद्ध बनाएंगे पर जोर दिया। जिपंस जयवर्धन कांडपाल ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से प्रेरणा लेकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की अपील की। मैराथन दौड के बालक वर्ग में अंकुश प्रथम, भुप्पी द्वितीय व साहिल तृतीय स्थान पर रहे। अंत में विधायक ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियागियों को क्रमश 2100, 1100 और 750 रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिपंस जयवर्धन कांडपाल, बीकेटीसी के सदस्य विनीत पोस्ती, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष कंडारी, जिला महामंत्री अरुण चमोली, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन जमलोकी, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमित मैखंडी, संयोजक निवास चमोला, सह संयोजक योगेश समेवाल, बृजमोहन नेगी, अनिल कोठियाल, प्रधान अंजू नौटियाल, अमित प्रदाली समेत कम्र कार्यकर्ता एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।



# पर्यावरण विदों के पत्र का मंत्रालय ने लिया संज्ञान

## गंगोत्री हाईवे पर देवदार वृक्षों की सूचना बीआरओ को 7 दिनों देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाईवे चौड़ीकरण में झाला से भैरों घाटी के बीच करीब 20 किमी के दायरे में कटने वाले देवदार के पेड़ों को लेकर सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार गंभीर है। पर्यावरण विदों के पत्र का संज्ञान लेती हुए सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार उत्तरकाशी के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण विद सुरेश भाई के पत्र का संज्ञान लेते हुए बीआरओ से एक सप्ताह में सड़क चौड़ीकरण में कटने वाले देवदार के हरे पेड़ों की संख्या बताने के निर्देश जारी किए है। बता दें कि ऑल वेदर सड़क परियोजना के तहत झाला से भैरव घाटी तक करीब 20 किमी में देवदार के पेड़ों को बचाने को लिए पर्यावरण विदों ने 7 दिसंबर 2025 को तीसरी बार हिमालय है तो हम है के संदेश के साथ देवदार के पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधे थे। मीडिया में प्रका. शित सूचना के अनुसार काटे जाने करीब 7000 पेड़ों में से कुल 1413 पेड़ों को ही नुकसान होने की खबर मिली थी। जिसकी सच्चाई को जानने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण विद सुरेश भाई उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से मुलाकात की थी लेकिन डीएम ने आधिकारिक जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और भूपेंद्र यादव केंद्रीय मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन से संपर्क किया गया। जिसमें उन्हें 2024- 25 में भेजे गये चार पत्रों के उत्तर में सीमा सड़क संगठन को देवदार के पेड़ों को बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उसके बाद पर्यावरण विदों ने पुन: पत्र भेजा गया। जिसमें कहा गया था कि जब सड़क की चौड़ाई पूर्व में निर्धारित 18- 24 मी. से घटकर 11 मी. हो गई है तो देवदार के पेड़ों को भी कम नुकसान होना चाहिए। जिसकी सूचना लिखित रूप से सीमा सड़क संगठन और वन विभाग से मांगी जा रही है। पत्र का संज्ञान लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा बीआरओ एक सप्ताह के अंदर जानकारी देने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण विदों ने पिछले दो वर्षों में दिए गए पत्रों में जिसमें खासकर सुखी से सड़क मार्ग को यथावत रखने और देवदार के कम से कम पेड़ों को नुकसान हो इसके लिए एक नए वैकल्पिक मार्ग का सुझाव भी दिया गया है। जिसमें मांग की गई थी कि सुखी, जसपुर, झाला होते हुए पुराली, बागोरी, हर्षिल और मुखवा से लेकर जांगला तक नए मार्ग के निर्माण पर भी सुझाव दिए गए थे। इस संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मंत्रालय को पत्र भेजे थे। वर्तमान में भागीरथी इको सेंसेटिव जोन में आपदा के कारण जो चिंता जनक स्थिति पैदा हुई है उसके बाद यहां के जंगल, मिटी, पानी, ग्लेशियर को बचाने के लिए देश भर के संगठन एक साथ एकत्रित हो गए हैं। भविष्य में सीमा सड़क संगठन और वन विभाग को मिलकर गंभीरता पूर्वक विचार करने की आवश्यकता है ताकि मजबूत सड़क भी बने और यहां के संवेदनशील पर्यावरण को देखते हुए आपदा न्यूनीकरण के विषय पर जिम्मेदारी से काम हो सके।




## पूर्व सैनिकों व वीर नारियों ने किया नए संगठन का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्यालय स्थित काली कमली परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक नए संगठन का गठन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं का समाधान करना और संगठन को सशक्त बनाना है। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इसमें हवलदार दरमान लसह लसधवाल को संरक्षक, सूबेदार राय सिंह रावत को अध्यक्ष, सूबेदार ललिता प्रसाद चमोली को उपाध्यक्ष, हवलदार वीर सिंह रावत को सचिव तथा महिंद्र सिंह बिष्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही वीर नारियों एवं उनके परिवारजनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं जैसे पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इन समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वीर नारियों के सम्मान एवं उनके साहस को नमन करते हुए कहा गया कि यह संगठन स्थानीय स्तर पर पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि यह पहल अगस्त्यमुनि क्षेत्र के पूर्व सैनिक समुदाय के लिए एक नई और सकारात्मक शुरुआत साबित होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि संगठन शीघ्र ही अपनी गतिविधियों का विस्तार करते हुए क्षेत्र में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के हित में प्रभावी कार्य करेगा।

# पतंजलि वैलनेस में योग, नेचुरोपैथी और आयुष के प्रशिक्षण में हुआ मंथन

## 7 से 12 तक छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक हुआ समापन, केस स्टडी से लेकर अहम चीजों पर हुआ मंथन

**राज्य होम्योपैथी विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत योग अनुदेशकों ने प्रशिक्षण से ली अहम जानकारियां**

**पूज्य स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण जी का मिला आशीर्वाद, योग अनुद. ेशकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाना मुख्य उद्देश्य**



**हरिद्वार।** राज्य होम्योपैथी विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत योग अनुदेशकों के लिए ह6-दिवसीय समेकित योग, नैचुरोपैथी एवं आयुष आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमह का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 7 से 12 जनवरी 2026 तक दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की ओर से पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग अनुदेशकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाकर समेकित स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ करना रहा।

यह प्रशिक्षण परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी एवं परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को योग, आयुर्वेद, नैचुरोपैथी, आहार चिकित्सा, प्राणायाम, ध्यान, योग-मनोविज्ञान एवं चिकित्सीय योग जैसे विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ। अजीत राणा, डॉ। विवेक चौरसिया, डॉ। अनूप सैनी, वैद्य पवनेश मौर्य, डॉ। प्रशांत कटियार, अर्जुन योगी एवं मयूर चौहान सहित अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंतिम दिवस प्रतिभागियों ने प्रायोगिक प्रदर्शन, केस-स्टडी प्रस्तुति, मूल्यांकन एवं औपचारिक समापन सत्र आयोजित किया गया। समापन अवसर पर नोडल अधिक. ारी डॉ। विकास ठाकुर द्धजिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारीऋ की उपस्थिति रही। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासित आयोजन एवं विषय वस्तु की सराहना करते हुए इसे आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में समेकित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा भविष्य में इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में रुचि व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक योग-आधारित सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित होगा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन

**अल्मोड़ा।** भाजयुमो की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में युवाओं ने स्वदेशी भावना और राष्ट्रप्रेम को प्रज्वलित करने का संदेश दिया। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। वहीं, बालक वर्ग की दौड़ में नितेश सिंह जीना ने प्रथम, जीवन मेहता ने द्वितीय और जीवन बोरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में मिनाक्षी बिष्ट ने पहला, भावना अधिकारी ने दूसरा और निकिता कनवाल ने तीसरा स्थान बनाया। सभी अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। दौड़ का समापन पर स्वामी विवेक. ानंद के विचारों पर चर्चा हुई। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के स्वदेशी संकल्प से प्रेरित होकर युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

## राजस्व विभागों की डीएम ने की समीक्षा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संवर्धन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया और पटल सहायक को प्रेजेंटेशन को और प्रभावी, सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुराने मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को उच्च न्यायालय में अर्जेंसी लगाने की हिदायत दी। संभागीय परिवहन अधिकारी को मार्च तक शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया और वाहन चालकों से प्रभावी वसूली करने के लिए दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी उप जिलाधिकारियों और एआरटीओ को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, खाद्य पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड सत्यापन में तेजी लाने और गलत राशन कार्डों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। शीतकालीन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत राशन आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में खाद्य संरक्षा अधिकारी को खाद्य सामग्री की सैंपलिंग बढ़ाने, आबकारी अधिकारी को मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निकायों को राजस्व वृद्धि के लिए चालानी कार्रवाई बढ़ाने को कहा गया। बैठक में अपर जिला अधिकारी एनएस नबियाल सहित सभी उप जिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल

पत्रांकः– 991/कोटेशन/न0पा0प0/2025–26/नरेन्द्र नगर — दिनाक :12 जनवरी, 2026

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के द्वारा आगामी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नगर क्षेत्र में सौन्दर्यकरण के दृष्टिगत तिरंगा लडियाँ कुम्हार खेडा मुख्य बाजार एवं नरेन्द्र नगर के बाईपास मार्ग पर लगायी जानी है, इस हेतु तिरंगा लडियों का क्रय किये जाने हेतु इच्छुक फर्मो/आपूतिकर्ताओं/संस्थानों से दिनांक 19 जनवरी, 2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आमत्रित किये जाते है जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथी एंव समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित नियम एंव शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा/दर |
|---|---|---|
| 1 | तिरंगा एल0ई0डी0 स्ट्रीप लाईट (1 वर्ष की वारन्टी के साथ) | 1 Nos |

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।



### ॥ कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मन्दाकिनी ( अगस्त्यमुनि ) ॥

पत्रांक 1571/लेखा०-01/ रेल विकास परियोजना/2025-26 — दिनांक-12.01.2026

**निविदा सूचना संख्या - 02/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से रेल विकास परियोजना के अन्तर्गत, जिलाधिकारी महोदय रूद्रप्रयाग के आदेश संख्या 494/आठ-भू अर्जन / रेलवे (2019-20) दिनांक 04 दिसम्बर 2025 के द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु विकास खण्ड कार्यालय अगस्त्यमुनि में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 19 जनवरी 2026 को समय 02.00 अपरान्ह तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को विकास खण्ड की गठित समिति द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2026 को समय 03 :00 बजे अपराहन में खोला जायेगा। न्यूनतम दर पर निर्माण कार्य कराये जाने वाले ठेकेदार को अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

| क्र० सं० | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | मद का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत खाखरा सिमार तोक अनु0 जाति बस्ती से खडीक के पेड तक इण्टर लॉक टाइल्स कार्य | 2025-26 | रेल विकास परियोजना | 33500.00 | 45 दिवस | 1000 + GST |
| 2 | ग्राम पंचायत नरकोटा मल्ला नरकोटा मूसलखोड राधाकृष्ण, संजय भट्ट के घर के पास खण्डिजा सी०सी० कार्य | 2025-26 | रेल विकास परियोजना | 30000.00 | 45 दिवस | 1000 + GST |

निविदाओं से सबंधित शर्तों के संबंध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस को विकास खण्ड कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है

( सुरेश शाह )
खण्ड विकास अधिकारी
अगस्त्यमुनि


# उत्तरायणी मेले की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**बागेश्वर।** कुमाऊं की काशी पवित्र सरयू गोमती एवं विलुप्त सरस्वती नदी तक पर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति को आयोजित होने वाली ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक एवं व्यापारिक उत्तरायणी कौतिक की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। मेले में बाहरी जनपदों एवं राज्यों से व्यापारी पहुंच गए हैं। मेला आयोजक कमेटी द्वारा मेले में आने वाले व्यापारियों एवं मेलार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं भी कर दो गई है। सरयू तट पर मकर संक्रांति को गंगा स्नान के लिए जगह जगह पर टेंट आदि की समुचित व्यवस्थाओं का सोमवार को राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल सहित अन्य ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा सरयू बगड़ में 14 जनवरी को सरयू बगड़ में लगने वाला राजनीतिक पंडालों पर भी विचार विमर्श हुआ। वही मेले के लिए बाबा बागनाथ जी का मंदिर स्वदेशी फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा पुलो आदि में लाइट की मालाएं व पूरे नगर को दुलहन की तरह सहाय जा रहा है। इधर नगर पालिका सुरेश खेतवाल ने पूर्व में चेयरमैन रहते हुए बागेश्वर में उत्तरायणी मेले को एक नया स्वरूप देने का भरपूर प्रयास किया। जिसके बदौलत जनता उन्हें एक बार फिर नगर पालिका में अवसर दिया है। अपने दूसरी बार के कार्यकाल में चेयरमैन खेतवाल ने नुमाइश मैदान में मेलार्थियों को ठंड एवं बारिश से बचाव के लिए बेहतरीन पांडाल व्यवस्था करवाई गई है। जिसकी नगर में काफी प्रशंसा हो रही है। चेयरमैन खेतवाल हर बार मेले में कुछ नया एवं मेले को नए अंदाज में लाने के लिए काफी चर्चाओं में रहते है। खेतवाल के प्रयासों से जिले के उत्तरायणी मेले में लोग पहली बार हेलिकाप्टर की सवारी कर पाए थे।


**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, देहरादून।**

**उपभोक्ता परिवाद संख्याः 588/2022**

Dr. N.S.K.Harsh, S/o Late Harsh D Singh, R/o C- 152 Krishna Vihar Colony, Smith Nagar, Premnagar, Dehradun.

...... परिवादी

**बनाम**

1- Excursion Earth (OPC) Pvt Ltd.Through its Director Mr Ganesh Nautiyal Having its office at 202 First Floor, Shree Tower, Shastri Nagar, Dehradun 248001.

2- Mr. Ganesh Nautiyal, Director Operations, Excursion Earth(OPC) pvt Ltd. 202 First Floor, Shree Tower, Shastri Nagar, Dehradun 248001

...... विपक्षीगण

**नोटिस बनाम-विपक्षीगणः**

1-Excursion Earth (OPC) Pvt Ltd. Through its Director Mr. Ganesh Nautiyal Having its office at 202 First Floor, Shree Tower, Shastri Nagar, Dehradun 248001-

2- Mr. Ganesh Nautiyal, Director Operations, Excursion Earth(OPC) pvt Ltd. 202 First Floor, Shree Tower, Shastri Nagar, Dehradun 248001

आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त परिवादिनी द्वारा आपके एवं आपके प्रतिष्ठान के विरूद्ध इस जिला आयोग में शिकायत दर्ज करायी गई है। अतः आप दिनांक 13.02.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे इस जिला आयोग में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उचित आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आदेशानुसार
(पुष्पेन्द्र खरे) अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
देहरादून



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौखम्बा जूनियर हाई स्कूल मनसूना, ऊखीमठ, जनपद- रूद्रप्रयाग में साधारण सभा का गठन किया जाना है जिसमें सदस्या शुल्क 501 (पांच सौ एक) है, इच्छुक व्यक्ति 15 दिन के भीतर बैंक ड्रॉफ्ट जो कि विद्यालय के प्रबंधक के नाम से देय होगा, जमा कर आवेदन करें।

**प्रबंधक**
**चौखम्बा जूनियर हाई स्कूल मनसूना**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-23 — **निविदा सूचना** — दिनांक- 12/01/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), रामगंगा जल विद्युत गृह, कालागढ़ (पौड़ी-गढ़वाल) इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

**नि0सं0-13/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2025-26**

**कार्य/आपूर्ति का नामः** रामगंगा जल विद्युत गृह, कालागढ़ की 12 माह के लिये वार्षिक सामान्य सफाई का कार्य।

**अनुमानित लागतः** रू0 15,39,544.00 (जीएसटी अतिरिक्त)

**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :** 14.01.2026

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 06.02.2026 16.00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

"बिजली के दुरूपयोग से बचें" — अधिशासी अभियन्ता (उत्पा0)



### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, डोईवाला
Email Id-eedoiwalaupcl11@gmail.com

पत्रांक : 142/वि0वि0ख0(डोईवाला)/2025-26 — **निविदा सूचना** — दिनांक: 12.01.2026

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिये ''ए'' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर/पैन कार्ड धारक निविदाकर्ताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत ''ए'' क्लास लाईसेंन्स की प्रतिलिपि, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० पंजीकरण, पैनकार्ड की प्रतिलिपि एवं समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जोकि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह तक वैध हो) निम्नलिखित तिथियों के अनुसार उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र जमा करने व खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 38/EDD(D)/ 2025-26 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालतप्पड से पोषित 11 के०वी० माजरी एवं शेरगढ फीडर को विभक्त कर नये फीडर का निर्माण कार्य। | ₹ 500 + जी०एस०टी० | ₹ 25,850.00 | 30.01.2026 (12:00 बजे तक) | 31.01.2026 14:00 बजे, (15:00 बजे निविदा खोली जायेगी) |
| 39/EDD(D)/ 2025-26 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान लालतप्पड के अन्तर्गत 33 के०वी० बिरला याम्हा लाईन का अनुरक्षण कार्य। | ₹ 500 + जी०एस०टी० | ₹ 16,300.00 | 30.01.2026 (12:00 बजे तक) | 31.01.2026 14:00 बजे तक (15:15 बजे निविदा खोली जायेगी) |
| 40/EDD(D)/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड, डोईवाला के अन्तर्गत सौंग एवं सुसुवा नदी के निकट स्थापित विद्युत पोलों पर प्लिन्थ निर्माण का कार्य। | ₹ 1000 + जी०एस०टी० | ₹ 44,250.00 | 30.01.2026 (12:00 बजे तक) | 31.01.2026 14:00 बजे, (15:30 बजे निविदा खोली जायेगी) |

किसी भी विद्युत समस्या के लिये सम्पर्क करें टोल फ्री नं0 18004190405 | राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड़, डोईवाला।



### कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

पत्रांकः 05 /सिं.उ.ख.गै./निविदा/ गैससैंण — दिनॉकः 12/01/2026

**निविदा सूचना संख्याः- 09/स0अ0-तृतीय/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्य पाल उत्तराखण्ड़ की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक- 27.01.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 2701 ए0आर0 मद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 1 | धारगड नहर मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 800.00 मी0 तक) | 12000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 2 | टैटुडा बाँयी नहर मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 200.00 मी0 तक) | 9000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 3 | कुनीगाड नहर मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 700.00 मी0 तक) | 9000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 4 | घिरतोली नहर की फीडरगूलों का मरम्मतकार्य। (रींच 0.00 मी0 से 300.00 मी0 और 0.00 मी0 से 200 मी0 तक) | 12000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 5 | सोनियाणा नहर मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 कि0मी0 से 1.20 कि0मी0 तक) | 9000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 6 | सारिंग्गांव नहर मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 300.00 मी0 तक) | 6000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 2711 ए0आर0 मद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 7 | सलियाणा बाढसुरक्षा मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 30.00 मी0तक) | 9000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 8 | माईथान बाढसुरक्षा मरम्मत कार्य। (रींच 100.00 मी0 से 150.00 मी0 तक) | 12000.00 | 2 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 8443" जिला योजना के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 9 | राजकीय पशुचिकित्सालय बच्छुवाबाण (गैरसैंण) में अनावासीय भवन की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य। | 12000.00 | 3 माह | 500+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| दैवीय आपदा/आपदा न्यूनीकरणमद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 10 | जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैंण में शिशु मन्दिर मेहलचौरी बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 50.00 मी0 तक) | 27000.00 | 3 माह | 1000+18%GST | डी एवं उच्चतर |
| 11 | जनपद चमोली के विकास खण्ड गैरसैंण में शिशु मन्दिर मेहल चौरी बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 50.00 मी0 से 200.00 मी0 तक) | 18000.00 | 3 माह | 1000+18% GST | डी एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तो का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भीकार्यदिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जासकता है।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

### संक्षिप्त खेल समाचार

## नवी मुंबई चुनाव के कारण बिना दर्शकों के होगा WPL मैच

**नवी मुम्बई, वार्ता।** नवी मुंबई में नगर निगम के चुनाव के कारण गुरुवार को होने वाला डब्ल्यूपीएल 2026 का कम से कम एक मैच बिना दर्शकों के खेला जायेगा। मुंबई पुलिस ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि चुनाव और डब्ल्यूपीएल के मैच एक ही दिन होने के कारण, वे उस दिन मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि चुनाव से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी (14 और 16 जनवरी) बिना दर्शकों के मैच होगा। आधिकारिक डब्ल्यूपीएल ऑनलाइन टिकट प्लेटफॉर्म पर 14, 15 और 16 जनवरी के मैचों की टिकट की बिक्री नहीं हो रही है। अगर स्थिति ऐसी ही रहती है, तो प्रभावित होने वाले मैच ये होंगे।

## शिखर धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से की सगाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से सगाई करने की घोषणा की। धवन के फॉलोअर्स ने इस खबर का गर्मजोशी से स्वागत किया है, कई लोगों ने खुशी जताई और कहा कि इस साल कपल की शादी को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि एक जैसी मुस्कान से लेकर एक जैसे सपने। हमारी सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर शुभकामना के लिए शुक्रगुजार हूं, क्योंकि हमने हमेशा साथ रहने का फैसला किया है। 35 साल की सोफी शाइन आयरिश नागरिक हैं और नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। वह फिलहाल अबू धाबी में रहती हैं। 40 साल के धवन ने एक दशक से अधिक के शानदार करियर के बाद 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# चोटिल वाशिंगटन सुंदर शेष सीरीज से बाहर



● **वाशिंगटन सुंदर ने बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते हुए अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी, उनकी जगह बडोनी को टीम में शामिल किया गया**

**वडोदरा, वार्ता।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के एक बयान के अनुसार, सुंदर ने रविवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में पहले वनडे के दौरान गेंदबाजी करते समय अपनी बाईं निचली पसली के हिस्से में तेज दर्द की शिकायत की थी। 26 वर्षीय खिलाड़ी का स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम विशेषज्ञ की राय लेगी। चोट के कारण सुंदर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एकदिवसीय सीरीज के शेष दो मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने सुंदर की जगह आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है।

बडोनी को पहली बार एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है और वह सीरीज के दूसरे मैच से पहले राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत की अपडेटेड टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसि( कृष्णा, कुलद. ीप यादव, नीतीश कुमार, अर्शदीप सिंह, यशस्वी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) व आयुष बडोनी शामिल हैं।

# यूपी ने आरसीबी को दिया 144 रनों का लक्ष्य

### श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क को मिले दो-दो विकेट



**नवी मंबई, वार्ता।** महिला प्रीमियर लीग का छठा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और यूपी वॉरियर्स के बीच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। इस मैच में आरसीबी की नजरें लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर हैं जबकि यूपी को उनकी पहली जीत की तलाश है। यूपी ने आरसीबी के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए। उनके लिए दीप्ति शर्मा ने 45 और डिएंड्रा डॉटिन ने 40 रनों की नाबाद पारी खेली। आरसीबी के लिए श्रेयंका पाटिल और नादिन डी क्लार्क ने दो.दो विकेट लिए जबकि लॉरेन बेल ने एक सफलता अपने नाम की। यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ाए जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3०2 करोड़ रुपये की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जाएंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गईए जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाज़ी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैलनग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे।

इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा। मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम को नादिन डी क्लार्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले मैच में डी क्लार्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया थाए ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिसए स्मृति मंधानाए दयालन हेमलताए ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डी क्लार्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

# जीत के बाद अय्यर, राणा, सुंदर ने टीम प्रयास की सराहना की

**वडोदरा, वार्ता।** भारत के खिलाड़ियों श्रेयस अय्यर, हर्षित राणा और वाशिगटन सुंदर ने टीम के सीरीज में संयुक्त प्रयास से जीत के साथ शुरुआत करने पर खुशी व्यक्त की है।

बीसीसीआई के एक वीडियो में, मध्यमक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने जीत को एक हौसला बढ़ाने वाली शुरुआत बताया और कहा कि चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापस आकर वह खुश हैं। अय्यर ने कहा कि सीरीज की शानदार शुरुआत। कुछ समय बाद टीम में वापस आकर, इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे भी अधिक हर एक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा लगा। मैं इसे काफी समय से मिस कर रहा था, लेकिन मैं वापस आकर खुश हूं। अय्यर ने विराट कोहली की 93 रन की पारी की भी तारीफ की, जो वनडे में उनका लगातार पांचवां पचास से अधिक का स्कोर था। उन्होंने इसे सीनियर बल्लेबाजी की कंसिस्टेंसी और स्ट्राइक रोटेशन और सोचे-समझे अग्रेसन से पारी को कंट्रोल करने की काबिलियत का एक और उदाहरण बताया। गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हर्षित ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड के ओपनर हेनरी और कॉनवे को लगातार ओवरों में आउट करने में खुशी हुई। राणा ने बताया कि निकोल्स को उनकी गेंद, जिसे वाइड फेंकना था, वाइड यॉर्कर बन गई, जिसके बाद उन्होंने अगले ओवर में कॉनवे को आउट किया।



● **सीरीज में शानदार शुरुआत कुछ समय बाद टीम का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा: श्रेयस**

# उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

### कप्तान हार्विक देसाई ने नाबाद 100, प्रेरक मांकड़ ने 67 रनों की शानदार पारी खेली



**बेंगलुरु, वार्ता।** सौराष्ट्र ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के वर्षा प्रभावित दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को वीजेडी पद्धति से 17 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान हार्विक देसाई (नाबाद 100) प्रेरक मांकड़ (67) और चिराग जानी (नाबाद 40) शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ही ओवर में विश्वराज जडेजा (नौ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें करन चौधरी ने आउट किया। इसके बाद प्रेरक मांकड़ ने हार्विक देसाई के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े। 27वें ओवर में प्रशांत वीर ने प्रेरक मांकड़ को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। प्रेरक मांकड़ ने 66 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 67 रन बनाए। समर गज्जर 14 रन बनाकर तीसरे विकेट के रुप में आउट हुए। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय सौराष्ट्र ने 40-1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बना लिए थे। हार्विक देसाई 116 गेंदों में 100 रन बनाकर और चिराग जानी 31 गेंदों में 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। हार्विक देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। चिराग जानी ने भी दो चौके और दो छक्के उड़ाए। इससे हपले समीर रिजवी (नाबाद 88) और अभिषेक गोस्वामी (88) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को जीत के लिए 311 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश ने शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यन जुयाल (शून्य) और ऋतुराज शर्मा (12) को चेतन साकरिया ने अपना शिकार बनाया। प्रियम गर्ग ने 39 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान रिकू सिंह 13 रन बनाकर आउट हुए। 33वें ओवर में पारस्वराज राणा ने शतक की ओर बढ़ रहे अभिषेक को आउट किया। अभिषेक गोस्वामी ने 82 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए 88 रनों की पारी खेली। इसके अलावा प्रशांत वीर (30), विप्रज निगम (13) व जीशान अंसारी (20) रन बनाकर आउट हुए। यूपी ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। समीर रिजवी ने 77 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 88 रनों की पारी खेली। सौराष्ट्र के लिए चेतन साकरिया ने तीन विकेट लिए। अंकुर पंवर और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में हारीं एलेक्जेंड्रोवा

**कैनबरा, वार्ता।** विश्व की 11 नंबर टेनिस खिलाड़ी रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा सोमवार को जैकलिन क्रिस्टियन से हार के बाद एडिलेड इंटरनेशनल के पहले राउंड में बाहर हो गईं, जबकि 14वें नंबर की क्लारा टौसन ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले चोट के कारण अपने मैच से रिटायर हो गईं। चौथी सीड एलेक्जेंड्रोवा को रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन ने एक घंटे 50 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया। रोमानिया की क्रिस्टियन ने पूरे मैच के दौरान रूस की एलेक्जेंड्रोवा की सर्विस पांच बार तोड़ी।

**बेदखली सूचना**

हम अपने परिवार के सदस्य सुन्दर सिंह पुत्र मोहन सिंह से सम्बध विच्छेद कर रहें हैं। भविष्य में वह अपने लेनदेन एवं कृतकार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नीरो देवी, ज्वार सिंह, दिनेश सिंह** निवासीगण: ग्राम बैहमू, चकराता, देहरादून।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 14 रनों से हराया

**श्रीलंका, वार्ता।** बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बाद वानिदु हसरंगा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 14 रनों शिकस्त देकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण रविवार को इस मैच को 12-12 ओवर का कर दिया गया। इस मैच में श्रीलंका ने वानिदु हसरंगा की 4-35 की शानदार गें. दबाजी की बदौलत 160 रन का अपना स्कोर सफलतापूर्वक बचा लिया। बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका की पारी की कामिल मिशारा ने शानदार शुरुआत की, तीन चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन दूसरे ओवर में वह आउट हो गए। तब तक पथुम निसांका दो गेंदों पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट चुके थे। कुसल मेंडिस (30), धनंजय डी सिल्वा (22) और चरित असलंका (21) सभी ने अच्छी शुरुआत की और आउट होने से पहले 20 रन का आंकड़ा पार किया। सबसे अहम साझेदारी, 52 रन की और केवल15 गेंदों में, दासुन शनाका और जनिथ लियानागे के बीच हुई। कप्तान दासुन शनाका ने नौ गेंदों में 36 रनों की पारी में पांच छक्के लगाए। लियानागे ने आखिरी गेंद पर चौका लगाया, जिससे श्रीलंका ने 160/6 के मजबूत स्कोर पर पारी खत्म की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी हुई, हालांकि उन्होंने शाहिबजादा फरहान को जल्दी खो दिया। नंबर 3 पर आए कप्तान सलमान आगा ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान ने दूसरे और तीसरे दोनों ओवर में 22 रन बनाए। श्रीलंका ने तब मोमेंटम हासिल किया जब मथीशा पथिराना ने चौथे ओवर में सलमान आगा को फाइन-लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट करवाया। फिर, हसरंगा ने अगले ओवर में दो विकेट लिए। ख्वाजा नफे और मोहम्मद नवाज ने फिर 49 रन की साझेदारी करके पाकिस्तान की उम्मीदों को जिदा रखा। लेकिन पारी जल्दी ही बिखर गई क्योंकि हसरंगा ने 10वें ओवर में वापस आकर दो और विकेट लिए, जिसमें उन्होंने नफे और शादाब खान दोनों को आउट किया। आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे और इसकी शुरुआत फहीम अशरफ के रन-आउट होने से हुई, जो एक तेज एक रन लेने की कोशिश कर रहे थे। एहसान मलिगा के वाइड यॉर्कर फेंकने की कोशिश में चार वाइड फेंकने के बावजूद पाकिस्तान लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाया और 14 रन से पीछे रह गया।

## मेरठ 1857 योद्धाज यूपीकेएल सीजन-3 में उतरेंगे

**नोएडा, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) में एक नई फेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है।

नई टीम का नाम मेरठ 1857 यो(ाज रखा गया है, जो लीग के तीसरे संस्करण में प्रतिस्पर्धा करती नजर आएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और सीईओ गजेंद्र शर्मा, श्रीमती अनीता शर्मा तथा एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी की सीओओ सुश्री ऐश्वर्या भार्गव सहित यूपीकेएल सीजन 2 फिनाले के दौरान कई प्रमुख गणमान्य अतिथि और हितधारक मौजूदगी में टीम के लोगो का अनावरण हुआ। लोगो में मौजूद ढाल रक्षात्मक मजबूती और एकजुटता का प्रतीक है, जो एक मजबूत कबड्डी टीम की आधारशिला है, जबकि क्रॉस किए गए हथियार आक्रमण, रणनीति और रेड व डिफेंस के बीच संतुलन को दर्शाते हैं। केंद्र में स्थित ज्वाला निरंतर ऊर्जा, जुनून और अंतिम सीटी तक लड़ने की अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। ए सभी तत्व मिलकर उत्तर प्रदेश की समृ( सांस्कृतिक विरासत में रची-बसी, निडर और तेज रफ्तार कबड्डी की भावना को दर्शाते हैं। मेरठ 1857 योद्धाज फ्रेंचाइजी की नींव मेरठ के ऐतिहा. सिक 1857 के विद्रोह की प्रेरणा से रखी गई है। मेरठ केवल एक शहर नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और प्रतिरोध का प्रतीक है। वीरता और संघर्ष की यही विरासत टीम की मूल पहचान है, जिसे आधुनिक, हाई- इंटेंसिटी कबड्डी के माध्यम से मैट पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, एड्रॉइट स्पोर्ट्स वेंचर्स एलएलपी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी तथा मेरठ 1857 योद्धाज के मालिक ने कहा कि मेरठ का भारत के इतिहास में विशेष स्थान है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सकीरा, माता क्रमांक JC-295428Y, रैंक Nb Sub (OpR), नाम शम्सुज़ोहा खान, 332 फील्ड रेजिमेंट, शपथ पत्र संख्या IN-UK38415545419931X के माध्यम से अपनी जन्मतिथि 01/07/1951 से बदलकर 01/01/1959 करना चाहती हूँ।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, रामसिंह F/O नंबर 15219674H रैंक Hav (DS) राठौड़ रविराजसिंह रामसिंह 332 फील्ड रेजिमेंट का सदस्य, हलफनामा संख्या IN-UK38417090948779X के माध्यम से अपना नाम रामसिंह से बदलकर राठौड़ रामसिंह हमीरजी कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, सकीरा, माता JC295428Y रैंक Nb Sub (OpR) नाम शम्सुज़ोहा खान (332 फील्ड रेजिमेंट), शपथ पत्र संख्या IN-UK38415929303027X के माध्यम से अपना नाम सकीरा से बदलकर शकीरा खातून करना चाहती हूँ।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, रामसिंह, पिता क्रमांक 15219674H, Hav (DS) राठौड़ रविराजसिंह रामसिंह, 332 फील्ड रेजिमेंट का निवासी, हलफनामा क्रमांक IN-UK38416374189291X के मध्यम से अपनी जन्मतिथि 01/07/1958 से बदलकर 01/06/1957 कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, दिव्याबा पत्नी नं. 15219674H Hav (DS) राठौड़ रविराजसिंह रामसिंह, 332 फील्ड रेजिमेंट मैंने शपथ पत्र क्रमांक IN-UK38414991423226X के माध्यम से अपना नाम दिव्याबा से बदलकर राठौड़ दिव्याबा रविराजसिंह कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सरिता यादव पत्नी क्रमांक नंबर 15210132Y रैंक हवलदार (Gnr) शिव दास यादव 332 फील्ड रेजिमेंट का सदस्य, शपथ पत्र संख्या IN-UP-32751965681641Y के माध्यम से अपनी जन्मतिथि 30 जुलाई 1987 से 14 फरवरी 1990 में परिवर्तित कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सीताराम पाल पिता क्रमांक JC-283164W रैंक Sub (AIG) अरविंद कुमार 332 फील्ड रेजिमेंट का सदस्य, शपथ पत्र संख्या IN-BR-2502388030 के माध्यम से अपनी जन्मतिथि 01 जुलाई 1949 से 01 जनवरी 1938 में परिवर्तित कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं धनराजी देवी माता क्रमांक नंबर 15210132X रैंक हवलदार (Gnr) शिव दास यादव 332 फील्ड रेजिमेंट का सदस्य, शपथ पत्र संख्या IN-UP-32756339361466Y के माध्यम से अपनी जन्मतिथि 01 जुलाई 1962 से 01 फरवरी 1964 में परिवर्तित कर लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं ज्वाला प्रसाद यादव पिता क्रमांक नंबर 15210132X रैंक हवलदार (Gnr) शिव दास यादव 332 फील्ड रेजिमेंट का सदस्य, शपथ पत्र संख्या IN-UP-32748247308412Y के माध्यम से अपनी जन्मतिथि 01 जुलाई 1959 से 10 मई 1959 में परिवर्तित कर लिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल**

पत्रांक :- 988/निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/ 2025-26/नरेन्द्रनगर    दिनांक : 12 जनवरी 2026

।। निविदा सूचना।।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 में **राज्य वित्त आयोग** एवं **15वें वित्त आयोग (टाईड ग्रांट)** के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले 05 (पांच) अति आवश्यक निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनॉक, 28 जनवरी 2026 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनॉक 27 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18% GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 01 किनवानी के अन्तर्गत कुमार खेडा में स्व0 श्री चकधर प्रसाद नौटियाल के आवासीय भवन के पीछे सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 5.32 लाख | 10700.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 2:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 01 किनवानी के अन्तर्गत कुमार खेडा में गुसाई जी के आवासीय भवन के समीप सार्वजनिक रास्ते पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 5.36 लाख | 10800.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 3:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 01 किनवानी के अन्तर्गत धौला पानी में प्राकृतिक जल स्रोत का पुनर्निमाण का कार्य। | 6.61 लाख | 13500.00 | 1000.00 | 15 दिन | 2½ माह |
| 4:– | नगर यालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 02 वन्दे मातरम् के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 9.42 लाख | 19000.00 | 1500.00 | 15 दिन | 4 माह |
| 5:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 03 बाजार लाईन के अन्तर्गत रावत जी के आवासीय भवन के समीप सार्वजनिक क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 5.82 लाख | 12000.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |

**नोटः–** निमार्ण कार्य से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्यो दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

### डढेरा में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने सुनीं समस्याएं

# जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आम जनता से सीधा संवाद किया और मौके पर ही उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।

रुड़की क्षेत्र के समीप ढंडेरा स्थित एक निजी बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अपने संबोधन में सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि रुड़की से झबरेड़ा तक 44 किलोमीटर लंबे शीला खाला (नाला) की खुदाई का कार्य प्रस्तावित है,



जिससे रुड़की सहित आसपास के 21 गांवों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ा जा रहा है, ताकि गांवों के लोग अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचा सकें। इसके साथ ही प्रदेश में होम स्टे योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है और शीतकालीन पर्यटन को सशक्त बनाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अर्धकुंभ 2027 के आयोजन के लिए सरकार द्वारा 400 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है और इसे डिजिटल कुंभ के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है।

कार्यक्रम में मौजूद राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और लोगों से उनका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह (किरण चौधरी) ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े



व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य के तहत जिला पंचायत द्वारा भी गांवों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महालक्ष्मी योजना की लाभार्थी महिलाओं को किट वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने की।

### नशा तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

## दो नशा तस्करों को दबोचा

## 13.81 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशा तस्करों पर हरिद्वार पुलिस का ताबड़तोड़ प्रहार, लगातार जारी है। इसी के तहत लक्सर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 02 नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से 13.81 ग्राम अवैध स्मैक व डिजिटल तराजू बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर सजनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर हरिद्वार पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस टीमें गठित कर लगातार चेकिंग, निगरानी व छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत दिनांक 11.01.2026 को लक्सर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 02 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 13.81 ग्राम अवैध स्मैक व एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त आदिल पुत्र कामिल, निवासी ग्राम नेहन्दपुर सुठारी, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार, सुहेल पुत्र गुलसनवर, निवासी ग्राम नेहन्दपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम (रनिंग में) उ0नि0 कर्मवीर सिंह, उ0नि0 नीरज रावत, हे0कानि0 पंचम प्रकाश, हे0कानि0 गजेन्द्र पंवार, हे0कानि0 रविन्द्र नागर, कानि0 अनिल वर्मा हरिद्वार पुलिस की यह कार्यवाही नशा तस्करों के लिए स्पष्ट संदेश है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, आगे भी ऐसी सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बाइक ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास रविवार देर शाम बाइक व ट्रक की टक्कर होने से एक 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को इलाज हेतु डॉक्टर के यहां भरती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खाता खेड़ी निवासी 22 वर्षीय युवक सहबान पुत्र सफीक अहमद बाइक से अपनी पत्नी के साथ झबरेड़ा होते हुए लखनौता जा रहे थे। जैसे ही उक्त ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास पहुंचे उसी समय पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक की टक्कर बाइक से हो गई। ट्रक की टक्कर बाइक को लगते ही बाइक सवार दंपत्ति सड़क पर दूर जा गिरे। बाइक पर सवार उक्त युवक की मौके पर ही कुछ देर बाद मौत हो गई । जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल महिला को रुड़की सिविल अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। मृतक युवक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौके पर दो ट्रक मिलने पर सीसीटीवी कैमरे देखकर पता लगाया जा रहा है कि किस ट्रक द्वारा बाइक से टक्कर हुई है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## लक्सर पुलिस ने गोकशी मामले में फरार चार आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने गौकशी के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सखघ्त संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 06 जनवरी 2026 को कोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा सुल्तानपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई थी। इस दौरान मौके से गौमांस एवं गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए थे। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही गौकशी में संलिप्त आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के संबंध में मु0अ0सं0-28/26 धारा 3/5/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधि नियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा गहन जांच एवं सुरागरसी शुरू की गई। लगातार तकनीकी व स्थानीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों की सटीक जानकारी जुटाई। इसी क्रम में दिनांक 11 जनवरी 2026 को कोतवाली लक्सर पुलिस टीम ने सुल्तानपुर क्षेत्र में दबिश देकर इस मामले में संलिप्त चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम: नईम कुरैशी पुत्र नसीम अहमद, निवासी बिजनौर (उ.प्र. ), हाल निवासी सुल्तानपुर लक्सर , फईम कुरैशी पुत्र नसीम अहमद, निवासी उपरोक्त, समीम कुरैशी उर्फ रैना पुत्र सुक्खा, निवासी सुल्तानपुर लक्सर. शमशेर अली पुत्र सराफत, निवासी सुल्तानपुर लक्सर गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम मेंख्रउप निरीक्षक दीपक चौधरी,अपर उप निरीक्षक रंजीत नौटियाल,हेड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह पंवार, कांस्टेबल किशोर नेगी शामिल रहे।

## 50 देशी पव्वे शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा रविवार देर शाम दो स्थानों पर चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों से 50 देसी शराब के पव्वे बरामद किए गए। देसी शराब के साथ पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधि नियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि रविवार देर शाम कस्बे में स्थित अमर जवान चौक के पास पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी समय सहारनपुर की ओर से एक व्यक्ति बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर निकलने लगा ।लेकिन पुलिस द्वारा उक्त को रोक लिया तथा बाइक के पीछे प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 24 देसी शराब के पव्वे बरामद हुए। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम रोहित पुत्र तेलू राम निवासी ग्राम बूढ़पुर बताया। दूसरी ओर लखनोता देवबंद मार्ग पर भी पुलिस रविवार देर शाम चेकिंग कर रही थी उसी समय ग्राम दुग चाड़ा के पास ईंट भट्टे की ओर से एक व्यक्ति बाइक से आ रहा था। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वह घबरा गया तथा बाइक सहित नीचे जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उक्त को उठाकर बाइक पर रखें बड़े थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 26 पववे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम विकास कुमार निवासी ग्राम बूढ़पुर नूरपुर बताया। उक्त दोनों के खिलाफ संबंधि त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किए गए हैं।

## बढ़ती ठंड व कोहरे से फसलों पर संकट, किसानों को पाले का डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** लगातार बढ़ रही सर्दी, घना कोहरा और शीत लहर किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। तापमान में लगातार गिरावट के चलते बुग्गावाला क्षेत्र के गांवों में रबी और सब्जी की फसलों पर प्रतिकूल असर साफ नजर आने लगा है। सरसों की फसल में फूल झड़ रहे हैं, जबकि आलू और मटर की पत्तियां ठंड से झुलसने लगी हैं। किसानों को पाले की आशंका सता रही है। गोकुलवाला गांव के किसान मोहम्मद असलम ने बताया कि लगातार सर्दी के कारण सरसों और सब्जियों की फसल कमजोर हो रही है। वहीं किसान इरफान का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में पाला पड़ गया तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जूहुरहसन ने बताया कि फसलों को बचाने के लिए सिंचाई का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। तेलपुरा गांव के किसान मेघपाल सैनी ने बताया कि आलू और मटर की फसलों पर सर्दी का सीधा असर दिखाई देने लगा है। किसान कुशलपाल चौहान का कहना है कि सरकार को किसानों के लिए पाले से बचाव के विशेष इंतजाम करने के साथ-साथ उचित मार्गदर्शन भी देना चाहिए, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

## आईआईटी रुड़की ने 'एमएसएमई इनोवेटिव ( डिजाइन ) योजना' पर जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डिजाइन इनोवेशन सेंटर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने 'एमएसएमई इनोवेटिव (डिजाइन) योजना: उद्योग-अकादमिक इंटरफेस विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डिपार्टमेंट ऑफ डिजाइन, आईआईटी रुड़की, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस , सोलन तथा जिला उद्योग केंद्र, नाहन (सिरमौर) के सहयोग से 30 दिसंबर 2025 को हिमाचल चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पांवटा साहिब, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारतीय विनिर्माण क्षेत्र और डिजाइन विशेषज्ञता/डिजाइन समुदाय को एक साझा मंच पर लाना है। इस योजना का लक्ष्य अनुभवी डिजाइनरों द्वारा वास्तविक समय की डिजाइन समस्याओं के लिए किफायती समाधान, नए उत्पादों के विकास, उनके सतत सुधार तथा मौजूदा और नए उत्पादों में मूल्य संवर्धन हेतु विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना है। प्रो. इंदरदीप सिंह, डीन, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं समन्वयक, डिजाइन इनोवेशन सेंटर, आईआईटी रुड़की ने कार्यक्रम का समन्वय किया तथा एमएसएमई इकाइयों और अन्य सरकारी संगठनों से आए प्रतिभागियों को एमएसएमई इनोवेटिव (डिजाइन) योजना के विवरण से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रो. अपूर्बा कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, डिजाइन विभाग,




आईआईटी रुड़की; ए.के. गौतम, सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; पार्थ अशोक, सहायक निदेशक, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; राहुल बंसल, सहायक निदेशक, डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, सोलन; तथा जिला उद्योग केंद्र, नाहन (सिरमौर) के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों एवं एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम के दौरान हुई चर्चाओं से लाभ प्राप्त किया।

## सफाई कर्मियों को जीवन बीमा व वर्दी सुविध देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत लंढौरा के सफाई कर्मियों की समस्याओं के लिए वार्ड संख्या एक के अनिल भगत ने देहरादून में उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को पांच लाख रुपये तक का जीवन बीमा उपलब्ध कराने और वर्दी सुविधा देने की मांग की गई। अनिल भगत ने बताया कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन नालियों, सीवर लाइनों और कूड़े के ढेरों के बीच जोखिम भरे हालातों में कार्य करते हैं। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जीवन बीमा की सुविध ा उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो सकती है। उन्होंने सफाई कर्मियों को वर्दी के साथ-साथ सर्दियों के लिए जैकेट और जूते उपलब्ध कराने की भी मांग रखी ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से कार्य कर सकें।

## मैथोडिस्ट की छात्राओं ने पौधारोपण व जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कालेज रूडकी मे स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर एनएसएस व एनसीसी इको फ्रेंडली क्लब के छात्राओं ने अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। साथ ही पौध ारोपण भी किया गया। प्राधानाचार्य व प्रबंधिका ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए छात्राओं का कहा कि हमें विवेकानंद के विचारों को अपनाकर उस पर चलना चाहिए। प्राचार्य डा. अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व से परिचित कराते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास, करूणा, ज्ञान, नि:स्वार्थ सेवा भाव दृढसंकल्प व आध्यात्मिकता जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इको फ्रेंडली छात्राओं द्वारा पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए कागज के लिफाफे तैयार किये व छात्राओं ने रैली निकालकर फल सब्जी विक्रताओं व दुकानदारों को प्लास्टिक पालिथीन के स्थान पर कपडे के बैग उपयोग करने को जागरूक किया। रैली का शुभारंभी प्रबंधिका मिस जे सिंह व प्राचार्या अमिता श्रीवास्तव ने किया रैली महाविद्यालय से निकलकर नगर निगम सिविल लाईन, शताब्दी द्वार से वापिस कालेज पहुंची इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पायल, सीटीओ वंदना चौहान, क्लब की सदस्य डा रितु त्यागी, डा भावना, डा कोमल, डा अक्षिता, बिनिंदिया आदि मौजूद रहे।



## स्वामी विवेकानंद के विचारों से दौड़ी युवा शक्ति

### रुड़की में 'स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षा नगरी में स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ जैसे आयोजन न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हैं।

रुड़की युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवनशैली का संकल्प जगाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम परिसर, रुड़की में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेकर यह संदेश दिया कि आज का युवा भारत स्वामी विवेकानंद के विचारों को केवल पढ़ ही नहीं रहा, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतार भी रहा है। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा-"युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाता है। आज के युवाओं को 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' के मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ना होगा। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने युवाओं में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का जो बीज बोया था, वही आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की नींव है। उन्होंने आगे कहा कि "स्वदेशी संकल्प दौड़ जैसे आयोजन




न केवल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हैं।" भाजपा जिला युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विभोर सेठी ने बताया कि इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवन, स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रनिर्माण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवा मोर्चा द्वारा इसी तरह के प्रेरणादायी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। दौड़ के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### लक्सर को मिली दो नई रेल गाड़ियों के स्टॉपेज की सौगात

## सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज दो नई गाड़ी बुर्गियाना 12358 वह 12357 अमृतसर व्यास जालंधर शहर लुधियाना अंबाला कैंट सहारनपुर लक्सर मुरादाबाद बरेली लखनऊ वाराणसी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन सासाराम गया पारस धनबाद आसनसोल कोलकाता 12628 वह 14727 अमृत भारत एक्सप्रेस क्षेत्र का अमृतसर व्यास जालंधर शहर फगवाड़ा दादरी कल सरहिंद राजपुर अंबाला कैंट जंक्शन यमुनानगर जगाधरी सहारनपुर रुड़की लक्सर मुरादाबाद चंदौसी सतपुर बुधवार गोंडा मनकापुर बस्ती खलीलाबाद गोरखपुर कप्तानगंज सिरसा बाजार नरकटियागंज सकता सनोद सीतामढ़ी सहस्त्रा की ओर जाने की और की ओर आने की स्टॉपिज कर दिया गया है जिससे लक्सर क्षेत्र वासियों को आने जाने के लिए बड़ी सौगात मिली है। इससे लक्सर क्षेत्र के व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा हरिद्वार सांसद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा की लक्सर के लोगों की मांग पर आज दो गाड़ियों की सौगात दे दी गई है उन्होंने कहा दो गाड़ी आने की और दो गाड़ी जाने की स्टॉपेज लक्सर में कर दिया गए हैं उन्होंने यह भी कहा कि लक्सर के लोगों की बहुत दिनों से मांग थी कि लक्सर में बहुत दिनों से आने जाने वाले यात्री व व्यापारी परेशान है उनकी परेशानी को देखते हुए आज जिन दो गाड़ियों की सौगात दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि कुछ और गाड़ियों को लोगों ने मांग की है उनको भी रेल मंत्री से मिलकर उनका भी स्टॉपेज करने



की कोशिश की जाएगी वही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद आदित्य गुप्ता ने कहा कि यह दोनों गाड़ी मुरादाबाद गोरखपुर सहारनपुर की ओर जाएंगे और लोगों को उनसे बहुत ही फायदा होगा उन्होंने यह भी कहा कि दो गाड़ी से लोगों को लाभ मिलेगा लक्सर मे दोनों गाड़ियों का स्टॉपेज कर दिए गए हैं वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमें राहुल अग्रवाल भूपेंद्र निगम राजेंद्र नाथ मेहंदी रत्ता अजय वर्मा बिजेंद्र पांचाल अध्यक्ष अमित नामदेव शारीरिक सलमानी आदि सैकड़ो भाजपा के मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 13 जनवरी 2026

# चुनाव आयोग को नोटिस

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक भी पहुंच गया है। इसमें 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। संसद से पारित संशोधन में यह प्रावधान जोड़ा गया था कि अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकता और यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी। भले ही वह पद पर न हों। इसी प्रावधान को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, सोमवार को इसकी सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। असल में विपक्षी दलों का सीधे यह आरोप रहा है कि चुनाव आयोग निरंकुश होकर कार्य कर रहा है। विशेषकर तब से जब से उसे सरकार ने संसद द्वारा पारित एक कानून में संशोधन के माध्यम से जबरदस्त संरक्षण दिया है। स्वाभाविक रूप से यह बात देखने में भी आ रही है कि जिस तरह मनमानी के आरोप आज चुनाव आयोग पर लग रहे हैं, इस तरह के आरोप कभी देखने में नहीं आए। वैसे होना तो यह चाहिए कि इसका विरोध 2023 में तभी होता, जब सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी जिससे वही व्यक्ति चुनाव आयोग को पहुंचेगा जिसको वह चाहेगी। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी व्यवस्था का सुझाव दिया था जो मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पारदर्शी बनाए। इसके लिए जो समिति बने उसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों। इसके उलट सरकार ने 2023 में एक ऐसी समिति बनाई जो अपने ही आप में हास्यास्पद है। तीन सदस्यीय समिति में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक कैबिनेट मंत्री होगा और एक विपक्षी दल का नेता। कोई भी समझ सकता है कि ऐसी स्थिति में 2-1 के अंतर से चुनाव आयोग में उसी की नियुक्ति होगी, जिसको सरकार चाहेगी और उस पर तुर्रा यह कि उसको इतने अधिकार दे दिए, जितने अधिकार प्रधानमंत्री को भी नहीं हैं। चुनाव आयोग की जवाबदेही किसी के भी प्रति नहीं रह गई है। वह देश के कानून से ऊपर हो गया है। उस पर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं चल सकता, भले ही वह कितनी गलतियां करे। जाहिर है, यह किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। लोकतंत्र जनता की इच्छाओं पर चलता है और वहां हर पद जनता के प्रति जवाबदेह होता है। होना भी चाहिए, अगर मनमाने तरीके से किसी को असीमित अधिकार दिए जाएंगे तो उसका ऐसा ही नतीजा देखने में आएगा जैसा आ रहा है। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर सीधे भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग किसी की नहीं सुन रहा है और न किसी की चिंता दूर कर रहा है।

## सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन



सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, 31 जनवरी तक उप्र में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके, 20 दुर्घटना संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न केवल स्वयं, बल्कि दूसरों के लिए भी घातक हो सकता है। **योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र**

# रेवड़ी, गुड़ और गीतों के बीच भाईचारे का पर्व है लोहड़ी



**योगेश कुमार गोयल**



**दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा।**

उत्तर भारत में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को कृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे कृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकडिघ्यां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाए जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आद. ेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिए मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने साइज से दोगुना हो सकती है व्हेल

**वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया।**

यह तो जानी-मानी बात है कि व्हेल दीर्घायु स्तनधारी हैं। कई प्रजातियां तो 100 वर्ष से अधिक भी जी सकती हैं। व्हेल की उम्र का अंदाजा लगाने के लिए वैज्ञानिक कई तरीके अपनाते हैंय जैसे उनके कान के मैल की परतें गिनना जो पेड़ के छल्लों की तरह साल दर साल जमा होती हैं, या आंखों के प्रोटीन में एक निश्चित दर से होने वाले रासायनिक परिवर्तन को नापना, या उनके त्वचा के नीचे की वसा में शिकारी भालों के निशान गिनकर। इन तकनीकों से विश्लेषण के लिए अक्सर तुरंत मृत व्हेलों के नमूने चाहिए होते हैं, जो मिलना मुश्किल है। फिर, शिकारी गतिविधियों के चलते वृद्ध व्हेल भी मिलना मुश्किल है क्योंकि अब अधिकांश युवा व्हेल ही जीवित बची हैं। इसी कारण व्हेल की सटीक आयु बता पाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन वैज्ञानिक भी इन मुश्किलों के सामने हाथ-पर-हाथ धरे बैठे नहीं रहते, वे हल खोजते रहते हैं। अब, उन्होंने व्हेल की उम्र की गणना का एक बेहतर तरीका खोजा है जो साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक के इकॉलॉजिस्ट ग्रेग ब्रीड और उनके साथियों ने मृत व्हेल के नमूनों की बजाय राइट व्हेल की दो प्रजातियों-उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल Eubalaena glacialis और दक्षिणी राइट व्हेल Eubalaena australis पर अध्ययन किया, जिनका अंधाधुंध शिकार किया गया है। उन्होंने इन दो व्हेल प्रजातियों की 1970 से अब तक की तस्वीरों को खंगाला और उनका बारीकी से अवलोकन किया। इसकी मदद से शोधकर्ता प्रत्येक व्हेल को पहचान सकते थे और यह बता सकते थे कि कौन सी व्हेल कब संभवतः मृत्यु के कारण आबादी से गायब हो गई। व्हेल के गायब होने के समय के आंकड़ों को उन्होंने विभिन्न सांख्यिकीय मॉडल्स में डाला जो यह बता सकते थे कि कितने प्रतिशत आबादी किस-किस उम्र तक जीवित रहेगी। सबसे उपयुक्त परिणाम उस मॉडल से मिले जो बीमा कंपनियां मनुष्यों की मृत्यु दर का पूर्वानुमान लगाने और उसके अनुसार प्रीमियम दरें तय करने के लिए करती हैं। परिणाम के अनुसार दक्षिणी राइट व्हेल का औसत जीवनकाल लगभग 73 साल है, लेकिन 10 प्रतिशत 132 साल से भी अधिक आयु तक जीवित रह सकती हैं। जबकि, पूर्व अध्ययनों का कहना था कि इस व्हेल का जीवनकाल अधि. कतम 70 से 80 साल है। उत्तरी अटलांटिक राइट व्हेल के बारे में मॉडल का विश्लेषण है कि इनका औसत जीवनकाल करीब 22 वर्ष है लेकिन 10 प्रतिशत 47 वर्ष से अधिक आयु तक जी सकती हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि काफी सारी व्हेल कुदरती रूप से नहीं बल्कि जहाजों से टकराकर और मत्स्याखेट उपकरणों में उलझकर मरती हैं। साथ ही, पूर्व में हुए अंधाधुंध शिकार से यह उबर नहीं पाई हैं और विलुप्ति की कगार पर हैं। इनके अधिक असुरक्षित होने का एक कारण यह भी है कि वे मानव आबादी वाले तटीय क्षेत्रों में रहती हैं। हालांकि दीर्घायु के मामले में बोहेड व्हेल (Balaena mysticetus) अब भी आगे हैं, वे 200 साल से अधिक जीवित रहती हैं। वैज्ञानिकों का मानना था कि बोहेड व्हेल इतने लंबे समय तक इसलिए जीवित रहती हैं क्योंकि वे सुस्त होती हैं-वे धीरे-धीरे तैरती हैं, धीरे-धीरे परिपक्व होती हैं और उनका चयापचय धीमा होता है, लेकिन राइट व्हेल तुलनात्मक रूप से फुर्तीली होती हैं, इनकी चयापचय गति अन्य स्तनधारियों की तरह ही होती है, इसलिए यहां एक सवाल उभरता है कि वे इतना लंबा कैसे जीवित रहती हैं? बहरहाल, व्हेल की नैसर्गिक उम्र चाहे जितनी लंबी रहे लेकिन जब तक उन पर शिकार और मानव गतिविधियों का खतरा मंडराता रहेगा उनका चिरंजीवी होना मुश्किल है।



**-स्रोत फीचर्स**

# कंट्रोल से बाहर हो रही भारत में महंगाई



भारत में महंगाई एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो समय-समय पर देश की आर्थिक स्थिति, सरकारी नीतियों, वैश्विक बाजार की परिस्थितियों और अन्य कई कारकों से प्रभावित होता है। महंगाई का सीधा प्रभाव आम जनता के जीवन स्तर पर पड़ता है, क्योंकि यह उनकी क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। इस लेख में, हम महंगाई के विभिन्न पहलुओं, उसके कारणों, प्रभावों और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। महंगाई को सामान्यतः वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में निरंतर वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिससे मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी आती है।

भारत में महंगाई को मापने के लिए मुख्यतः दो सूचकांकों का उपयोग किया जाता है- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक CPI और थोक मूल्य सूचकांक WPI, CPI उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है, जबकि ॅच्प् थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को दर्शाता है। महंगाई के कई प्रमुख कारण हैं। पहला, मांग और आपूर्ति में असंतुलन। जब किसी वस्तु या सेवा की मांग उसकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है, तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। दूसरा, उत्पादन लागत में वृद्धि, जैसे कच्चे माल, श्रम या ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि, जो अंतिम उत्पाद की कीमत को बढ़ाती है। तीसरा, मुद्रा स्फीति, जब बाजार में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ जाती है, तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। चौथा, वैश्विक कारक, जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि, जो आयातित वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करती है। महंगाई का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। सबसे पहले, यह गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करती है, क्योंकि उनकी आय का बड़ा हिस्सा आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च होता है। महंगाई के कारण उनकी बचत कम हो जाती है और जीवन स्तर में गिरावट आती है। दूसरा, महंगाई से आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है, जिससे निवेश और विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तीसरा, उच्च महंगाई दर से ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जिससे ऋण लेना महंगा हो जाता है और व्यवसायों की विस्तार योजनाएं प्रभावित होती हैं।

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक विभिन्न नीतियों का सहारा लेते हैं। मौद्रिक नीति के तहत, केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को समायोजित करके मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित करता है। उच्च ब्याज दरें उधारी को महंगा बनाती हैं, जिससे खर्च में कमी आती है और महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वित्तीय नीति के माध्यम से, सरकार अपने खर्च और कर नीतियों को समायोजित करके मांग को नियंत्रित करती है। इसके अलावा, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार, उत्पादन लागत में कमी, और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके भी महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, महंगाई को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं है, लेकिन इसे एक नियंत्रित स्तर पर रखना आवश्यक है ताकि आर्थिक विकास और स्थिरता बनी रहे। इसके लिए सरकार, केंद्रीय बैंक, उद्योग और आम जनता के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है। महंगाई के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाकर, हम इसके प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्थिर और समृद्ध समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। वर्ष 2025 में भारतीय सरकार ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनका उद्देश्य आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना और आम जनता को महंगाई के प्रभाव से बचाना था। इन उपायों में मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल हैं।

**मौद्रिक नीति समायोजन**

दिसंबर 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक RBI ने प्रमुख नीतिगत दर, रेपो दर, को 6.50% पर स्थिर रखा। इसके साथ ही, RBI ने नकद आरक्षित अनुपात CRR में 50 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 4 प्रतिशत किया, जिससे बैंकिंग प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपए की तरलता प्रवाहित हुई। इस कदम का उद्देश्य आर्थिक विकास को समर्थन देना था, क्योंकि वित्त वर्ष 2025 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान कमजोर हो रहे थे। नवंबर 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत तक कम हो गई, जो मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में आपूर्ति सुधार के कारण था। आर्थिक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यदि खाद्य कीमतों में यह गिरावट जारी रही, तो दिसंबर में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है, जिससे RBI फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में कटौती पर विचार कर सकता है।

**आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन**

सरकार ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने और आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के लिए कई कदम उठाए। सामान्य से अधिक वर्षा और जलाशयों के उच्च स्तर ने कृषि क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन में योगदान दिया। खरीफ फसलों की अच्छी बुआई और त्योहारी सीजन में उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने निजी खपत को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज के पर्याप्त बफर स्टॉक उपलब्ध कराए गए।

**वित्तीय सुधार और निवेश प्रोत्साहन**

सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने, बैंकिंग प्रणाली में सुधार, और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत उपाय किए। बैंकों और कॉरपोरेट्स के मजबूत बैलेंस शीट, उच्च क्षमता उपयोग, और गैर-खाद्य बैंक ऋण में वृद्धि ने निवेश संभावनाओं को मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक GDP वृद्धि 6.7 प्रतिशत दर्ज की गई।

**भविष्य की चुनौतियां और रणनीतियां**

हालांकि मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिम, वित्तीय बाजार में अस्थिरता, प्रतिकूल मौसम की घटनाएं, और वैश्विक खाद्य एवं धातु की कीमतों में वृद्धि जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, RBI और सरकार ने मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए सतर्क रुख अपनाया है। सारांशतः, वर्ष 2025 में भारतीय सरकार और त्ठप् ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए समन्वित प्रयास किए, जिनमें मौद्रिक नीति समायोजन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तीय सुधार शामिल थे। इन उपायों ने आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने और आम जनता को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **...साभार प्रभ**

# बागपत के अधिवक्ताओं ने शाहनवाज़ राना को दिया जीत का भरोसा

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ पहुंचे बागपत कलक्ट्रेट, हिना गार्डन में आयोजित हुई अधिवक्ताओं संग मीटिंग





■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में है जिनका क्रमांक संख्या 266 है इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## अधिवक्ताओं ने दिल खोलकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागपत।** यूपी बार काउंसिल चुनाव की सरगर्मिया अब तेज हो चली है चुनाव का प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना बागपत पहुंचे जहां सबसे पहले वे कलक्ट्रेट अधिवक्ताओं से मिले और अपने लिए प्रथम वरयीता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद मेरठ रोड स्थित हिना गार्डन में अधिवक्ताओं के संग एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने श्री राना को प्रथम वरयीता का मत देने का आश्वासन दिया। मीटिंग में सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका तहे दिल से स्वागत किया।

मुख्य रूप से सुभाष तोमर एडवोकेट जिला बार अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, पूर्व महामंत्री कपिल कुमार डेड़ा, एडवोकेट आरिफ बेग, एडवोकेट सलीम मलिक, एडवोकेट शौकीन मलिक, एडवोकेट मुन्ना खान, एडवोकेट सरफ़राज़ अहमद, एडवोकेट कल्याण सिंह, एडवोकेट कमल, एडवोकेट आज़ाद राजपूत, एडवोकेट साजिद राजपूत, एडवोकेट मोहसीन खान, एडवोकेट मुजम्मिल, एडवोकेट नरगिस सिद्दीकी, एडवोकेट राशिद, एडवोकेट तस्लीम, एडवोकेट इंतज़ार, एडवोकेट अशरफ, एडवोकेट जेनुलआबेदिन, एडवोकेट रामकुमार राठी, एडवोकेट सोदांत राठी, एडवोकेट मेहकार भाटी, एडवोकेट सारिक राणा, एडवोकेट सुमोद पवार, एडवोकेट विक्की शर्मा, एडवोकेट विक्रांत, एडवोकेट नफीस, एडवोकेट सेहनाज, एडवोकेट यासीन, एडवोकेट आसिफ अली, एडवोकेट अफरोज त्यागी, एडवोकेट नाजिम मलिक, एडवोकेट रविक. ांत भारद्वाज, एडवोकेट कपिल केडवा, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट इमरान अली, एडवोकेट मुबीन, एडवोकेट नईम अहमद, एडवोकेट मोहम्मद इसरार, एडवोकेट नईम राजपूत, एडवोकेट बाबर खान, एडवोकेट धर्मेंद्र काठा, एडवोकेट जयवीर तोमर पूर्व बार अध्यक्ष, एडवोकेट राशिद तस्लीम, एडवोकेट पवन, एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र काठा ने किया।

## जैश के पास हजारों फिदायीन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस आडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस आडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है।

■ मसूद अजहर का दावा: जैश सरगना वायरल आडियो क्लिप में बोला: जैश की ताकत सामने आई, तो शोर मच जाएगा, संसद हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी अजहर

आडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला करवाया था।

## ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का किया जिक्र

**वॉशिंगटन/काराकस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने खुद को वेनेजुएला का 'कार्यवाहक राष्ट्रपति' भी बताया है।

साझा की गई तस्वीर एक विकिपीडिया पेज का डिजिटल रूप से संपादित स्क्रीनशॉट है। इसमें ट्रम्प को जनवरी 2026 से पदस्थ लिखा गया है। इसके अलावा इस तस्वीर में उन्हें अमे. रिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के रूप में भी दर्शाया गया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेनाओं के अगवा किए जाने के बाद ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला का 'संचालन' तब तक करेगा, जब तक कि एक 'सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता समाधान' सुनिश्चित नहीं हो जाता। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि अमेरिका देश का नियंत्रण ऐसे किसी भी व्यक्ति के हाथ में जाने का जोखिम नहीं उठा सकता, जिसके मन में वेनेजुएला के लोगों के प्रति नेक इरादे न हों। अमेरिकी फौजें श्री मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेने के बाद विमान से न्यूयॉर्क लाई थीं। उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद) और इसकी साजिश रचने के औपचारिक आरोप लगाए गए हैं। इस चौंकाने वाले घटनाक्रम के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिग्ज ने पिछले सप्ताह देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प यह भी कह चुके हैं कि वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारी अमेरिका को तीन से पांच करोड़ बैरल 'उच्च गुणवत्ता वाला तेल' सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि इस तेल को बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा। ट्रम्प का मानना है कि यह कदम वेनेजुएला के संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को 'किसी न किसी तरीके से' हासिल करके ही रहेगा। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को 'अधिग्रहित' करने की बात कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम लीज या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं। हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं।



■ फिर दावा ग्रीनलैंड को किसी भी तरह हासिल करेंगे, ईरान मामले में 'कई बेहद कड़े विकल्पों' पर विचार जारी

## सेना पर प्लानिंग के साथ हमले हो रहे: ईरान

**तेहरान।** ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे आडियो रिकार्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था।

■ यह प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, हिंसा में अब तक 544 की मौत

उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी (एचआरएनए) के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10681 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की।

## ट्रम्प के 'डोनेरो सिद्धांत' से बन रही है बहुध्रुवीय दुनिया

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री और प्रमुख रणनीतिक विचारक जॉर्ज योंग-बून यिओ का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई 'डोनरो डॉक्ट्रिन' वैश्विक व्यवस्था को बहु-धु. वीय दुनिया की ओर तेजी से ले जा रही है। यिओ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि इस बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे।

यिओ के अनुसार, अमेरिका अब जिम्मेदारियों को संभालने में पीछे हट रहा है। इसका परिणाम यह होगा कि भारत, चीन और रूस, संतुलित ताकतों के रूप में उभरेंगे और अब यूरोप को अपनी देखभाल खुद करनी होगी। भारत और आसियान के बीच करीबी रिश्तों का हमेशा से समर्थन करने वाले यिओ ने कहा कि भारत के लिए खुद की रक्षा करना और आर्थिक विकास पर ध्यान देना सबसे अच्छा होगा। आखिर में, आर्थिक ताकत, सैन्य ताकत से ज्यादा बड़ी होती है। एओ, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के हर साल आयोजित होने वाले सीडी देशमुख मेमोरियल लेक्चर देने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प (ग्लोबल ऑर्डर) के भविष्य को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं-बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर और इसके परिणामस्वरूप भारत और चीन, जो एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, शायद 'अपने रिश्तों को स्थिर कर लें।' यिओ ने संकेत दिया कि एक समय भारत के नेतृत्व को लगा था कि चीन के खिलाफ अमेरिका उसका प्रमुख सहयोगी होगा। हालांकि, अप्रैल 2025 में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने भारत का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। अमेरिका के इस कदम से भारत को काफी निराशा हुई थी। उनके अनुसार, ट्रम्प भविष्य की बहु-ध्रुवीय व्यवस्था को तेजी से आगे बघ रहे हैं और इसी कारण भारत और चीन अपने रिश्तों को स्थिर कर सकते हैं। पद्म भूषण से सम्मानित श्री यिओ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोचा था कि वह आयात शुल्क के मुद्दे पर भारत को दबा सकते हैं, लेकिन भारत ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसी तरह, चीन के मामले में भी आयात शुल्क की धमकी काम नहीं आई क्योंकि चीन ने 'रेयर अर्थ तत्वों के कार्ड का इस्तेमाल किया, जिससे अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।



■ विचारक जार्ज यिओ ने कहा: बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे

## चीन ने जम्मू-कश्मीर के शक्सगाम धाटी को अपना बताया

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है।







